

पेज -3 पर

श्रम विभाग की योजना का लाभ लेकर भोली यादव को मिला ....

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 204 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 3 जून 2022

ओपी चौधरी के रुप में अनमोल हीरा मिला है भाजपा को

पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### हरियाणा से रायपुर पहुंचे कांग्रेस विधायक, कड़ी सुरक्षा के बीच होटल पहुंचे



**रायपुर।** हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग का खतरा मंडरा रहा है। चुनाव में खरीद-फरोख्त से बचने कांग्रेस ने अपने 28 विधायकों को छत्तीसगढ़ भेज दिया है। हरियाणा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों सहित कुल 34 लोग रायपुर पहुंचे हैं। सभी विधायकों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सीधे नवा रायपुर के होटल और रिसार्ट ले जाया गया। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में एक सीट के लिए 31 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। कांग्रेस के पास ठीक 31 विधायक हैं, लेकिन खरीद-फरोख्त की आशंका है, इसलिए विधायकों को दिल्ली होते हुए छत्तीसगढ़ भेजा गया है। 90 सदस्य संख्या वाली हरियाणा विधानसभा में राज्य सभा की 2 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस ने यहां से अजय माकन को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने कृष्णलाल पंवार को प्रत्याशी बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के बेटे कार्तिकेय शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया है। हरियाणा में राज्यसभा सीट जीतने कांग्रेस के पास 31 विधायक हैं, लेकिन कार्तिकेय शर्मा की दावेदारी ने पेंच फंसा दिया है।

# भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना औद्योगिक विकास की दिशा में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण उपलब्धि

**रायपुर।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा न केवल औद्योगिक विकास की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि इस क्षेत्र के कृषकों के आर्थिक उत्थान के लिए भी एक वरदान है। छत्तीसगढ़ की जलवायु विशेषताओं से परिपूर्ण कबीरधाम जिले में भी परंपरागत रूप से धान की खेती की जाती रही है, परन्तु भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा की

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने गन्ना उत्पादक किसानों को दिखाई आर्थिक उन्नति की राह

स्थापना ने फसल चक्र में परिवर्तन हुआ। शासन की पहल से कृषकों के आर्थिक उन्निति और गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए



गन्ना का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 355 रूपए प्रति क्विंटल किया गया। जिससे अनियमित एवं निम्न वर्षा के विरूद्ध कृषकों को संबल एवं आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान हुई और जिले में गन्ने के उत्पादन का रकबा बढ़ते गया। जिससे किसानों को अधिक लाभ हो रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना एक ओर जहां किसानों से गन्ना खरीदी कर उन्हें आर्थिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग कर रहा है, वहीं दूसरी ओर शक्कर बनाने के बाद बचे हुए अवशेष से बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। कबीरधाम जिला में स्थापित भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना देश में शक्कर की आपूर्ति करने के साथ ही विदेशों में भी शक्कर का निर्यात कर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ को विदेशों में भी पहचान मिली है। कारखाने की स्थापना में पूंजीगत संसाधन उपलब्ध कराने वाले 16 हजार 922 कृषकों के अलावा मण्डी बोर्ड, सहकारी समितियां एवं छत्तीसगढ़ शासन इस कारखाने के सदस्य हैं, जिनके द्वारा 28.13 करोड़ अंशपूजी विनियोजित की गई थी, जो वर्तमान में बढ़कर 35.67 करोड़ रूपए हो चुकी है। जिससे राज्य के घरेलू उत्पाद में वृद्धि सुनिश्चित होने के साथ ही लगभग एक हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हुआ है।

सोनिया गांधी व राहुल को ED से समन,

# नोटिस पर भड़के छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी, सीएम भूपेश बोले- सत्य नहीं झुकेगा

रायपुर। नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय (ED) की ओर से समन जारी किया गया है। सोनिया गांधी को 8 जून को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। कांग्रेस नेता केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही है।



कांग्रेस के प्रमुख नेताओं को नोटिस जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत भी गरमा गई है। सीएम भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने ट्वीट कर केंद्र सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। सीएम भूपेश बघेल ने अपने ट्वीटर हैंडल एकाउंट पर कहा कि झूठ जानता है कि वो सच को हरा नहीं सकता। कायर को भी पता है कि वो निडर को डरा नहीं सकता। सत्ता और संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक बदले का हथियार बनाना कायरता ही है। पूरा देश सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ससत्य नहीं झुकेगा। हैशटैग के साथ ट्वीट किया है। वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने ट्विटर पर लिखा है। जब कांग्रेस अंग्रेज हुकूमत के अत्याचारों से नहीं डरी तो ED का नोटिस सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की हिम्मत को क्या खाक तोड़ पाएगा। हम लड़ेंगे... हम जीतेंगे... हम झुकेंगे नहीं... हम डरेंगे नहीं...।

### राजनीतिक द्वेष और कुंठित मानसिकता का प्रतीक

*स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपने ट्विटर एकाउंट पर लिखा है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी को ईडी द्वारा नोटिस जारी करना भाजपा सरकार की साजिश है। ईडी के माध्यम से मनगढ़ंत और काल्पनिक आरोप में समन जारी किया गया है। यह राजनीतिक द्वेष और कुंठित मानसिकता का प्रतीक है। सत्य की शक्ति का भय भाजपा के मन से कभी नहीं जाता। अब गुजरात और हिमाचल में चुनाव होने हैं। अपनी विफलताओं के बोझ के साथ मोदी सरकार मतदाताओं का सामना करने से डर रही है। जनता में भ्रम फैलाने ईडी को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है।*

# संवर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ




### किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन जरूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विभिन्न खाद्यान, लघु धान्य तथा लघु वनोपज फसलों के प्रचुर मात्रा में होने वाले उत्पादन के प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन से किसानों की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इसके लिए फसलों की कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी का विकास कर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना होगा। यह निष्कर्ष इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा आज यहां ''कृषक उत्पादों की कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी एवं मूल्य संवर्धन'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय वेबिनार के उद्घाटन सत्र में प्रतिपादित हुआ।

इस वेबिनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक कृषि अभियांत्रिकी, डॉ. एस.एन. झा थे। समारोह की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. गिरीश चंदेल ने की। इस दो दिवसीय वेबिनार में किसानों द्वारा उत्पादित फसलों की कटाई के उपरान्त उनके प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा सार्थक विमर्श किया जाएगा।

रायपुर से दिल्ली पहुंचे सिंधी समुदाय के प्रतिनिधी

# अमित शाह से की पाकिस्तान से भारत आए लोगों को नागरिकता देने की मांग

रायपुर । रायपुर के शदानी दरबार का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने दिल्ली पहुंचा। सिंध प्रांत पाकिस्तान से भारत आए लोगों को नगारिकता दिए जाने को लेकर शाह से चर्चा की। इस पर गृहमंत्री ने जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वास दिया है।

इस प्रतिनिधी मंडल में संत युधिदिष्ठर लाल, श्रीचंद सुंदरानी,उदय शदाणी,ललित जयसिंह और नंद लाल साहित्य शामिल थे।



रायपुर में पिछले कई सालों से नूरी वीजा पर भारत आए पाकिस्तानी परिवार रहते हैं। यह सभी सिंधी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। सालों पहले धार्मिक शोषण की वजह से इन हिंदुओं ने पलायन किया।

पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने बताया कि इन लोगों को भारत की नागरिकता देने का नियम है मगर पिछले कुछ समय से इन्हें नागरिकता नहीं मिल पाई है । इसी समस्या को लेकर हमने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। अब इस मामले में केंद्रीय मंत्री ने ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि शुक्रवार की शाम वह विभाग के अफसरों के साथ एक बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में रायपुर के प्रतिनिधिमंडल भी वर्चुअली जुड़ेंगे। इस बैठक में नागरिकता को लेकर ठोस फैसला किया जा सकता है।

## पुलिस की कार्रवाई में पकड़ाए 27 सटोरिये

**रायपुर।** रायपुर जिले में सट्टा एवं जुआ पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को कार्य योजना तैयार कर इस पर अधिक से अधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिसके तहत गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध अभिषेक माहेश्वरी के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा सटोरियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर सटोरियों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए सट्टा संचालन करने वाले कुल 27 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 42 हजार रूपये तथा सट्टा-पट्टी जप्त किया गया हे। तथा सटोरियों के विरूद्ध संबंधित थानों में धारा 4क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# आपदा प्रबंधन का एक्शन प्लान रहे तैयार: मुख्य सचिव

बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा है कि आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाए। जिलों में आपदा प्रबंधन हेतु एक्शन प्लान तैयार कर ली जाए।




उन्होंने कहा है कि ऐसे क्षेत्र जहां हर वर्ष बाढ़ आने की संभावना होती है, वहां खाद्यान्न, पेयजल एवं अन्य राहत सामग्रियों का भण्डारण कर लिया जाए। बाढ़, अतिवृष्टि जैसी आपदा से बचाव के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमानों की जानकारी लोगों को दी जाए। मुख्य सचिव श्री जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों के संचालन के लिए सभी जरूरी तैयारी कर ली जाए। इन क्षेत्रों की सतत रूप से निगरानी की जाए। आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व ठहराने के लिए कैम्प आदि की सम्पूर्ण योजना तैयार कर ली जाए। बाढ़ से बचाव संबंधी जो भी उपकरण जिलों में उपलब्ध हो उन्हें दुरस्त कर लिया जाए। जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे चालू रहे। पहुंच विहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं हो, वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दवाईयां आदि पहले से ही संग्रहित करें। पेयजल स्त्रोतों कुंओं, हैण्डपम्प आदि का जल शुद्धिकरण कर लिया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन जिलों में बड़ी नदी बहती है नदी के जल स्तर पर बराबर नजर रखें और जलस्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम को दी जाए। बड़े जलाशयों पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाए। जलाशयों से जल छोड़ने पर विशेष सावधानी बरती जाए। जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास किये जायें ताकि बाढ़ की स्थिति निर्मित न हो। बांधों का जलस्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घण्टे पूर्व सूचना दी जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में संक्रामक बीमारियों की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा दल का गठन एवं आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था की जाए।

**तेन्दूपत्ता** — *आठ वन मंडलों में लक्ष्य का 100 प्रतिशत से अधिक संग्रहण*

# लगभग 12 लाख संग्राहकों द्वारा अब तक 634 करोड़ रूपए से अधिक राशि के तेन्दूपत्ता का हो चुका संग्रहण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चालू वर्ष 2022 के दौरान अब तक 15 लाख 78 हजार 471 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है, जो लक्ष्य का 94 प्रतिशत से अधिक है। इनमें तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कुल भुगतान योग्य राशि 634 करोड़ रूपए से अधिक हैं। इसका संग्रहण 11 लाख 58 हजार 222 तेन्दूपत्ता संग्राहकों द्वारा किया गया है। अब तक 08 वन मंडलों सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कवर्धा, मरवाही, धरमजयगढ़, मनेन्द्रगढ़ तथा कोरिया में लक्ष्य का 100 प्रतिशत से अधिक तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्कदर्शन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण से आदिवासी-वनवासी संग्राहकों को रोजगार के साथ-साथ आय का भरपूर लाभ मिलने लगा है।




राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जगदलपुर वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल बीजापुर में 51 हजार 256 संग्राहकों द्वारा 32 करोड़ रूपए के 80 हजार 324 मानक बोरा, सुकमा में 38 हजार 609 संग्राहकों द्वारा 41 करोड़ रूपए के एक लाख एक हजार 526 मानक बोरा, दंतेवाड़ा में 20 हजार 323 संग्राहकों द्वारा 8 करोड़ रूपए के 19 हजार 408 मानक बोरा तथा जगदलपुर में 43 हजार 178 संग्राहकों द्वारा 6.56 करोड़ रूपए के 16 हजार 396 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है।

इसी तरह कांकेर वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल दक्षिण कोण्डागांव में 33 हजार 843 संग्राहकों द्वारा 6.93 करोड़ रूपए के 17 हजार 332 मानक बोरा, केशकाल में 36 हजार 793 संग्राहकों द्वारा 10.45 करोड़ रूपए के 26 हजार 118 मानक बोरा, नारायणपुर में 16 हजार 738 संग्राहकों द्वारा 9.61 करोड़ रूपए के 24 हजार मानक बोरा, पूर्व भानुप्रतापपुर में 32 हजार संग्राहकों द्वारा 38.48 करोड़ रूपए के 96 हजार 195 मानक बोरा, पश्चिम भानुप्रतापपुर में 33 हजार संग्राहकों द्वारा 31.62 करोड़ रूपए के 79 हजार 058 मानक बोरा तथा कांकेर में 33 हजार 928 संग्राहकों द्वारा 14.82 करोड़ रूपए के 37 हजार 047 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है।

# शहीद पूर्णानंद साहू को मरणोपरांत अदम्य साहस एवं वीरता के लिए राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र से किया सम्मानित

**रायपुर।** राजनांदगांव जिले के ग्राम जंगलपुर निवासी सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के आरक्षक शहीद श्री पूर्णानंद साहू को मरणोपरांत उनके अदम्य साहस एवं वीरता के लिए राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया। शहीद श्री पूर्णानंद साहू को शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त होने पर आज उनके गांव जंगलपुर में गौरव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीणजन पहुंचे थे। इस मौके पर शहीद श्री पूर्णानंद साहू के प्रतिमा पर जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद श्री पूर्णानंद साहू के पिता श्री लक्ष्मण साहू एवं माता श्रीमती उर्मिला बाई साहू के जंगलपुर वापस आने पर इस गौरवमय क्षण में जिला प्रशासन एवं ग्रामवासियों द्वारा उनका फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय एवं एसडीएम श्री हितेश पिस्दा ने शहीद श्री पूर्णानंद साहू की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




**ग्राम जंगलपुर में शहीद पूर्णानंद साहू को जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

# बदलती छवि ने दूसरे देशों के नजरिए पर भी डाला असर, पर बाधाएं तो अब भी बाकी

यदि केंद्र में मोदी सरकार के आठ वर्षों की उपलब्धियों को कूतना हो, तो इसे एक वाक्य में ऐसे कहा जा सकता है– मोदी सरकार ने 96 माह के अल्पकाल में भारत के इकबाल को विश्व में स्थापित किया है। इस दौरान भारत न केवल सामान्य नागरिकों के लिए जमीनी स्तर पर बदला है, अपितु उसके प्रति शेष विश्व की दृष्टि में भी सम्मानजनक परिवर्तन आया है। दुनिया में अब कोई देश भारत को हल्के में लेने की गलती नहीं कर रहा।

मई, 2014 से पहले अधिकांश विदेशी सकारात्मक रूप से भारत को केवल गांधीजी और ताजमहल के कारण ही जानते थे।

किंतु अब देश की पहचान के साथ प्राचीन योग साधना और आयुर्वेद भी जुड़ गया है। गरीबी में वैश्विक महामारी कोरोना का आना %कोढ़ में खुजली% जैसा है। इन दोनों मोर्चों पर भारत सफलतापूर्वक लड़ा है। स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण इसका जीवंत प्रमाण है। विगत अप्रैल में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्ष 2011 में गरीबों की संख्या 22.5 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2019 में घटकर 10.2 प्रतिशत रह गई अर्थात आधी हो गई। आईएमएफ के अनुसार, भारत में अप्रत्याशित गरीबी का लगभग उन्मूलन ही हो गया है। 138 करोड़ की आबादी का 10.2 प्रतिशत लगभग 14 करोड़ बनता है, जोकि एक बड़ी संख्या है। मोदी सरकार से पहले आधारभूत विकास कार्यों को लेकर देश में क्या स्थिति थी, यह वर्ष 2010 के दिल्ली कॉमनवेल्थ खेल के आयोजन से स्पष्ट है, जिसमें खिलाड़ियों के लिए कुछ हजार घरों के निर्माण, मुख्य स्टेडियम के जीर्णोद्धार आदि में न केवल जमकर भ्रष्टाचार हुआ था, बल्कि उनकी गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया था।

इस कारण विश्व भर में भारत उपहास का पात्र भी बन गया था। इस पृष्ठभूमि में मोदी सरकार की बात करें, तो अप्रैल, 2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो दिसंबर, 2021 में बढ़कर 1,41,000 किलोमीटर हो गई है– अर्थात साढ़े सात वर्षों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी। क्या अरबों रुपयों की लागत से बने इन राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ नए संसद भवन का निर्माण और हाल ही में बने प्रधानमंत्री संग्रहालय आदि में किसी प्रकार की घूसखोरी का आरोप लगा और उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठा? मोदी सरकार संभवतः स्वतंत्र भारत की पहली ऐसी सरकार है, जिसका शीर्ष नेतृत्व और मंत्री–सचिव स्तर भ्रष्टाचार रूपी दीमक से मुक्त है। यही नहीं, पहले की तुलना में लाभार्थियों तक एक–एक पैसा पहुंच रहा है। जनधन योजना के अंतर्गत, मोदी सरकार ने 45 करोड़ से अधिक खाताधारकों के खाते में सब्सिडी या अन्य किसी केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में एक लाख 67 हजार करोड़ रुपये, तो 11 करोड़ किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान–निधि योजना के अंतर्गत एक लाख 82 हजार करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए हैं। वैश्विक कूटनीति में भी भारत को लेकर दुनिया के दृष्टिकोण में आमूलचूल मौलिक परिवर्तन आया है। यह भारतीय नेतृत्व द्वारा रूस–यूक्रेन युद्ध और मानवाधिकारों को लेकर अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों के धौंसपन से निपटने और सोवियत कालखंड से मित्र देश रूस के साथ खड़े रहने से स्पष्ट है। जब बीते दिनों दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2022 का आयोजन हुआ, तब भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने जो कहा, उससे नए भारत की तस्वीर बयां होती है।



> सामरिक रणनीति और क्रियाकलापों से समस्त विश्व में भारत ने संदेश दिया है कि वह अपनी सुरक्षा, एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हेतु किसी भी हद तक जा सकता है। भारत की इन उपलब्धियों से दो प्रकार के लोगों/वर्गों में बौखलाहट दिख रही है।

उनके अनुसार, ...भारत अपनी शर्तों पर दुनिया से संबंध निभाएगा और इसमें भारत को किसी की सलाह की आवश्यकता नहीं... दुनिया हमारे बारे में बताए और हम दुनिया से अनुमति लें, वह दौर खत्म हो चुका है...। राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी वर्तमान मोदी सरकार अपने पूर्ववर्तियों पर बीस है। चाहे चीन की गीदड़ भभकियां हो या फिर इस्लामी पाकिस्तान के वैचारिक–राजनीतिक अधिष्ठान द्वारा भारत को हजार घाव देकर मौत के घाट उतारने का संकल्प– इन सबका भी मोदी सरकार ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।

यह सितंबर, 2016 और फरवरी, 2019 के सर्जिकल स्ट्राइक और चीन के साथ वर्ष 2017 में डोकलाम घटनाक्रम, तो 2020–21 के गलवान प्रकरण से स्पष्ट है। सामरिक रणनीति और क्रियाकलापों से समस्त विश्व में भारत ने संदेश दिया है कि वह अपनी सुरक्षा, एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हेतु किसी भी हद तक जा सकता है।

बलबीर पुंज

## संपादकीय

### निदान तो सही है

कहा जाता है कि किसी रोग के इलाज की सही शुरुआत तब होती है, जब उसका सही निदान हो जाए। अमेरिका ने फिलहाल चीन के माम्ले में यह पहला काम कर लिया है।

अमेरिका ने अपनी विदेश नीति संबंधी चुनौती का सही निदान किया है। उसे इस बात का भी श्रेय दिया जाएगा कि ऐसा करते हुए ना तो उसने अपनी कमजोरियों को छिपाया है, और ना ही अपने मुख्य प्रतिसर्धी की खूबियों पर परदा डालने की कोशिश की है। उसने यह दो टूक कहा है कि चीन उसके लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। ये बात जो बाइडेन प्रशासन की नई चीन नीति में कही गई है। इस नीति की व्याख्या विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने बीते हफ्ते एक भाषण के दौरान की। ब्लिकेन ने साफ कहा– 'चीन अकेला देश है, जिसके पास जिसके पास मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बदलने का इरादा और शक्ति है। उसकी ये शक्ति आर्थिक, कूटनीतिक, सैनिक और तकनीकी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है।' इस चुनौती का महत्त्व बताते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यूक्रेन युद्ध अमेरिका की केवल तात्कालिक चिंता है। इसीलिए अभी भी जबकि यह युद्ध जारी है, अमेरिका अपना ध्यान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए सबसे गंभीर दीर्घकालिक चुनौती यानी चीन पर ही केंद्रित रख रहा है। तो प्रश्न है कि इस चनौती का अमेरिका मुकाबला कैसे करेगा।

ब्लिंकेन ने इसके तीन सूत्र बताए। उन्होंने कहा– 'दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के प्रति बाइडेन प्रशासन की नीति इन तीन शब्दों में निहित है: निवेश, सहयोग, और प्रतिस्पर्धा।

# वन अनुसन्धान संस्थान, वृक्षों का अनूठा संसार

> सन् 1906 में अंग्रेजों द्वारा स्थापित यह संस्थान, वनों पर उच्चतम शोध हेतु भारत का सर्वप्रथम एवं एशिया का सबसे महत्वपूर्ण संस्थान है। पर्यावरण और वन्य जीवों से लगाव रखने वाले लोगों में अक्सर हम पक्षी प्रेमी देख सकते हैं। इसका सीधा कारण यही है कि सभी वन्य जीवों में पक्षियों का अवलोकन करना सबसे सरल है।

हां यह तो है कि घने पेड़ों के झुरमुट में, हम ज्यादातर सिर्फ उनकी पुकार ही सुन पाते हैं, और वे मानों हमसे आंख मिचोली खेल रहे हों। सभी जीव मनुष्यों से डरते भी हैं, इस कारण मनुष्यों को आसपास देख वें छिप जाते हैं, या भाग जाते हैं। इन हालात में संरक्षित स्थानों कि महत्ता काफी बढ़ जाती है।

संरक्षित स्थानों में निवास करने वाले जीव कुछ हद तक मनुष्यों के आदि होते हैं, या यूं कह लीजिए कि वे आश्वस्त रहते हैं कि वहां पर मनुष्य उन्हें हानि नहीं पहुंचाएंगे। इस तरह के संरक्षित स्थान या तो राष्ट्रीय उद्यानों में या वन्यजीव अभ्यारण्यों होते हैं। लेकिन भारत के शैक्षणिक संस्थानों के परिसर, जहां अच्छी मात्रा में पेड़ पौधे हों, भी शहरों के बीचो बीच रहकर संरक्षित स्थानों का ही कार्य करते हैं। ऐसा ही एक परिसर देहरादून के ठीक मध्य में स्थित है, वन अनुसन्धान संस्थान।



> पर्यावरण और वन्य जीवों से लगाव रखने वाले लोगों में, अक्सर हम पक्षी प्रेमी देख सकते हैं। इसका सीधा कारण यही है कि, सभी वन्य जीवों में, पक्षियों का अवलोकन करना सबसे सरल है। सन् 1906 में अंग्रेजों द्वारा स्थापित यह संस्थान, वनों पर उच्चतम शोध हेतु भारत का सर्वप्रथम एवं एशिया का सबसे महत्वपूर्ण संस्थान है।

सन् 1906 में अंग्रेजों द्वारा स्थापित यह संस्थान, वनों पर उच्चतम शोध हेतु भारत का सर्वप्रथम एवं एशिया का सबसे महत्वपूर्ण संस्थान है। संस्थान की स्थापना के पूर्व, यहां कि जमीन खेती के ही अंतर्गत थी। संस्थान के परिसर के पिछले हिस्से में टोंस नदी भी बहती है, और वहां कुछ 3–4 गांव भी बसे हैं, जिनमें आज भी खेती होती है।

चूंकि यह संस्थान वन के शोध के लिए स्थापित किया गया था, यहां पर वृक्षों कि एक अच्छी विविधता देखी जा सकती है। आज के दिन यदि कोई आगंतुक परिसर में आए तो उसे यह प्रतीत भी नहीं होगा, किन्तु परिसर के अंदर जो भी जंगल देखने का मिलते हैं, सभी अंग्रेजों द्वारा रोपित हैं। वैज्ञानिक और लकड़ी के अधिक उत्पादन, दोनों के मद्देनजर अंग्रेज़ों ने यहां एक तरफ चीड़ पाइन, सागौन (टीक) और साल के मोनोकल्चर जंगल लगाए तो वहीं दूसरी और देश–दुनिया के अनन्य पेड़ो वृक्षों कि प्रजातियों को एकत्रित कर, एक बहुत सुन्दर बोटैनिकल गार्डन भी बनाया।

इधर, साथ ही पूरे परिसर में, जगह–जगह पर फल देने वाले पेड़ जैसे कि, आम, लीची, जामुन, गूलर इत्यादि लगाए गए हैं। एक प्रकार से तकरीबन 1100 एकड़ का यह परिसर, अनन्य पक्षियों के निवास के लिए एक बहुत ही उपयुक्त स्थल बन जाता है।

गर्मियों में कुछ पक्षी मध्य भारत और दक्षिण भारत से हिमालय की ओर प्रवास करते हैं।

गर्मियों में कुछ पक्षी मध्य भारत और दक्षिण भारत से हिमालय की ओर प्रवास करते हैं।

– फोटो = फोटो= दीप्ति गुप्ता

वन अनुसंधान संस्थान के परिसर में पक्षियों की विविधता का आकलन सर्वप्रथम श्रीमती राइट ने 1946 से 1951 के बीच किया था। उन्होंने परिसर में 146 विविध पक्षियों का ब्यौरा दिया था। तत्पश्चात् श्री जॉर्ज ने 1946 से 1957 के बीच परिसर में 221 पक्षियों का ब्यौरा दिया। भारतीय वन्यजीव संस्थान के निदेशक रह चुके डॉ. धनञ्जय मोहन ने अपने विद्यार्थी काल में इस परिसर में 261 का अवलोकन किया था।

प्रियम्वदा बगरिया

## मिला जुला

# मोदी-योगी यूपी को देने जा रहे बड़ी सौगात, 80 हजार करोड़ रुपए का निवेश; 5 लाख रोजगार की उम्मीद



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश आ रहे हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के साथ ही वह तीसरे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शिरकत करेंगे। इस दौरान वह प्रदेश को 80 हजार करोड़ रुपए के 1406 प्रॉजेक्ट्स की सौगात देंगे। इसमें से सर्वाधिक 58,672 करोड़ रुपए के 865 प्रॉजेक्ट्स वेस्ट यूपी को मिलने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को इस निवेश से 5 लाख रोजगार के सृजन की उम्मीद है।

### इन सेक्टर्स में होगा निवेश

सबसे अधिक पिछड़ा समझे जाने वाले पूर्वी यूपी को 290 प्रॉजेक्ट्स मिलने जा रहे हैं और इनमें 9,617 करोड़ रुपए का निवेश होगा। अवध क्षेत्र को 8,997 करोड़ रुपए के 217 प्रॉजेक्ट मिलेंगे। बुंदेलखंड में 34 परियोजनाओं में 2,938 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। ये निवेश डेटा सेंटर, एग्रीकल्चर, आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, हैंडलूम–टेक्सटाइल्स, रिन्यूएबल एनर्जी, एमएसएमई, हाजिंग–हेल्थकेयर, डिफेंस और एयरोस्पेस जैसे सेक्टर में होंगे।

805 प्रॉजेक्ट्स एमएसएमई सेक्टर से जुड़े हैं, जिनसे 4,459 करोड़ रुपए का निवेश आएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के मुताबिक बहुत सारी परियोजनाओं में पहले ही कॉमर्शल एक्टिविटी शुरू हो चुकी है या होने को है। राज्य सरकार ने 2018 में 21–22 फरवरी को दो दिवसीय यूपी इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया था। इस इवेंट के दौरान यूपी सरकार ने सरकारी और निजी कंपनियों से 4.28 लाख करोड़ रुपए के 1,045 एमओयू साइन किए थे।

## केजरीवाल बोले-

# हम सबको गिरफ्तार कर लो, स्मृति का पलटवार- खुद जज क्यों बन जाते हैं



**नई दिल्ली।** अपने खास मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर भी फर्जी कैस की तैयारी की जा रही है। उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

उन्होंने हाथ जोड़ते हुए प्रधानमंत्री से तंज भरी अपील की कि आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों और मंत्रियों को एक साथ जेल में डाल दीजिए। आज 11 बजे दिल्ली के सीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उन्हें पता चला है कि केंद्र सरकार ने सभी जांच एजेंसियों को मनीष सिसोदिया के खिलाफ कोई न कोई फर्जी केस तैयार करने को कहा है। जैसे उन्होंने सत्येंद्र जैन के खिलाफ फर्जी केस किया है, वैसे ये लोग मनीष जी के खिलाफ भी केस बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मनीष सिसोदिया को भी जेल में डालने की कोशिश हो रही है। दिलचस्प यह है कि जैन की गिरफ्तारी से कुछ महीने पहले केजरीवाल ने उनके बारे में भी ऐसा दावा किया था। उधर, स्मृति ईरानी ने जैन को क्लीन चिट देने पर केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि वह खुद जज क्यों बन जाते हैं।

## राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस


# उदयपुर-जैसलमेर के रिजार्ट में रखेगी हरियाणा-राजस्थान के विधायकों को

**जयपुर/चंडीगढ़।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के बीच शह–मात का खेल शुरू हो गया है. हरियाणा और राजस्थान में तय सीटों से ज्यादा उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं. इन दोनों ही राज्यों में बीजेपी ने निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में खड़े होकर कांग्रेस की दिक्कतें बढ़ा दी हैं. ऐसे में राज्यसभा की बाजी जीतने के लिए सेंधमारी की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं और विधायकों की खरीद–फरोख्त को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस 'रिसॉर्ट पालिटिक्स' की रणनीति का सहारा ले रही है. कांग्रेस अपने विधायकों को सुरक्षित ठिकाने पर ले जाने लगी है. राजस्थान से चौथी राज्यसभा सीट के लिए निर्दलीय मैदान में उतरे जी ग्रुप के मालिक सुभाष चंद्रा को बीजेपी ने समर्थन दे दिया है, जिससे कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है. कांग्रेस राज्यसभा की तीन सीट जीतने के लिए किसी तरह का कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है. कांग्रेस राजस्थान के अपने विधायकों को लेकर उदयपुर के अरावली रिजॉर्ट लेकर जाएगी. वहीं, हरियाणा में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर कार्तिकेय शर्मा के राज्यसभा चुनाव में उतरने और बीजेपी–जेजेपी के समर्थन के बाद कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है।

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

# कुलगाम में बैंक के अंदर घुसकर मैनेजर को मारी गोली, एक महीने में 8वीं हत्या

**कुलगाम।** जम्मू–कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों ने एक बार फिर से कायराना हरकत को अंजाम दिया है. घाटी में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से बौखलाए आतंकियों ने एक बैंक मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी है. मृतक बैंक मैनेजर का नाम विजय कुमार बताया जा रहा है. मृतक विजय कुमार इलाक़ाई देहाती बैंक में बतौर मैनेजर काम करते थे. उन्होंने कुछ दिन पहले ही यहां नौकरी ज्वाइन की थी।



बताया जा रहा है कि आतंकवादियों ने विजय कुमार पर उस समय हमला किया जब वह इलाकाई देहाती बैंक की कुलगामा शाखा में ड्यूटी पर थे. बैंक मैनेजर की पहचान विजय कुमार के रूप में हुई है. वह राजस्थान के हनुमानगढ़ के रहने वाले थे. इस हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है. वहीं इस घटना के बाद फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. अशोक पंडित ने कश्मीर में टारगेट किलींग पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार जम्मू–कश्मीर में हालत को नियंत्रण करने में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। बीते कुछ समय से आतंकवादी घाटी में दहशत का माहौल कायम करने के लिए हिंदू नागरिक और सरकारी कर्मचारियों को चुनकर निशाना बना रहे हैं.

# कोरोना की चपेट में आईं सोनिया




**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना संक्रमित हो गई हैं। उनके अलावा बैठक में आए कुछ नेता भी संक्रमण के शिकार हो गए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सुरजेवाला ने बताया कि सोनिया गांधी को कल (बुधवार) शाम को हल्का बुखार आया था, इसके बाद हुए उनकी जांच की गई तो वह कोरोना संक्रमित पाई गईं। सुरजेवाला ने कहा कि सोनिया गांधी पिछले एक सप्ताह में बहुत सारे नेताओं, कार्यकर्ताओं से मिलीं जिसके कारण उन्हें संक्रमण हो गया। सुरजेवाला ने बताया कि सोनिया गांधी ने खुद को आइसोलेट कर लिया है। उन्होंने उनके संपर्क में आए सभी नेताओं से जांच कराने की अपील की है।

## सिद्धू मूसेवाला मर्डर

# गैंगस्टर लॉरेंस ने कहा– कत्ल में मेरा रोल नहीं

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है. दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई इस वक्त दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की रिमांड पर है. पुलिस ने इसे एक पुराने मामले में रिमांड पर लिया हुआ है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लॉरेंस पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है. पुलिस को अब तक मूसेवाला के शूटरों का सुराग नहीं मिल पाया है. पुलिस की पूछताछ में गैंगस्टर लॉरेंस ने सिंगर मूसेवाला के कत्ल से खुद को अलग कर लिया है. साथ ही सोशल मीडिया पोस्ट की भी जानकारी न होने की बात कही है. लॉरेंस ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया में जो भी पोस्ट डाले जा रहे हैं, उनमें उसका या उसकी गैंग का कोई रोल नहीं है. पुलिस सूत्रों की मानें तो लॉरेंस ने यह खुलासा जरूर किया है कि विक्की मिद्दूखेड़ा की हत्या का बदला लेने के लिए ही मूसेवाला की हत्या की गई है।



## एक विवाह ऐसा भी- गुजरात की लड़की बिना दूल्हे के करेगी शादी, हनीमून पर भी जाएगी



**वड़ोदरा।** भारत में शादी को सात जन्मों का रिश्ता माना जाता है। इस वजह से इस दिन को खास बनाने के लिए लोग कई तरह के जतन करते हैं। गुजरात की क्षमा बिंदु आने वाले 11 जून को शादी करने जा रही हैं, लेकिन उनकी ये शादी इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल वडोदरा में रहने वाली 24 साल की क्षमा बिंदु खुद से शादी करने जा रही हैं। उनकी इस शादी में रीति रिवाज, फेरे से लेकर पारंपरिक अनुष्ठान तक सब होगा, लेकिन बस दूल्हा नहीं होगा। इसे गुजरात का पहला आत्म–विवाह या एकल विवाह कहा जा रहा है। क्षमा का इस आत्म विवाह को लेकर कहना है, 'मैं कभी शादी नहीं करना चाहती थी, लेकिन मैं दुल्हन बनना चाहती थी। इसलिए मैंने खुद से शादी करने का फैसला किया। शायद अपने देश में मैं सेल्फ–लव का एक उदाहरण सेट करने वाली पहली लड़की हूं।' क्षमा एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती हैं। उनका कहना है कि वो खुद से प्यार करती हैं, इसलिए आत्म विवाह कर रही हैं। क्षमा एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती हैं। उनका कहना है कि वो खुद से प्यार करती हैं, इसलिए आत्म विवाह कर रही हैं।

# सामाजिक विकास के साथ रचनात्मक कार्यो को भी ध्यान दे साहू समाज-भेखलाल साहू

## लालपुर में साहू समाज की तहसील स्तरीय बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




तहसील साहू संघ बागबाहरा ने साहू समाज के प्रतिभावान युवाओं का मेडल एवं प्रसस्ति पत्र से किया सम्मान। तहसील साहू संघ बागबाहरा की बैठक लालपुर स्थित सामाजिक भवन में संपन्न हुई। जिसमें महासमुंद जिला के पदाधिकारी सम्मिलित हुए और समाज के विकास उत्थान संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन पर मंथन किया गया। तहसील में आए प्रकरणों पर समीक्षा एवं निराकरण के साथ ही विभिन्न विधाओं में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले होनहार बच्चों का सम्मान भी किया गया। इस बैठक में जिला साहू संघ अध्यक्ष धरमदास साहू विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने तहसील साहू संघ बागबाहरा के कार्यों एवं गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया। तहसील अध्यक्ष भेख लाल साहू ने समाज के सर्वांगीण विकास के साथ समाज के द्वारा विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्य होते रहना चाहिए इस पर जोर दिए। अंतर्राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड 2022 स्वर्ण पदक विजेता अंडर 14 तिलक साहू ग्राम खल्लारी 15.21 उम्र वर्ग में गुणवंत साहू ग्राम खल्लारी एवं साथ ही ओपन अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2022 अंडर 14 स्वर्ण पदक विजेता कुमारी जया साहू बिहाझर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक का सभापतित्व महामंत्री शंकर साहू ने किया। इस सराहनीय कार्य के लिये समाज जनों ने प्रतिभावान बच्चों को बधाई देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना किये। बागबाहरा तहसील से के तीन बच्चे स्वर्ण पदक विजेता घोषित होने पर समाज गौरवान्वित है अपने समाज का नाम रोशन किये। इस अंचल के साथ ही छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर भी ऊंचा किये। बैठक में जिला संरक्षक गौकरण साहू, तहसील अध्यक्ष भेखलाल साहू, महासमुंद तहसील अध्यक्ष तुलसराम साहू, किशन साहू, कमल नारायण साहू, तहसील उपाध्यक्ष तुला राम साहू, मोनिका साहू, जानवी साहू, सदानंद साहू, जिला कोषाध्यक्ष तेजेश्वर साहू, डॉ लक्ष्मण प्रसाद साहू, बिरकोनी परिक्षेत्र अध्यक्ष नंदकुमार साहू, चिरको परिक्षेत्र अध्यक्ष मनी साहू, सिंधी परिक्षेत्र अध्यक्ष सुरेश साहू, चमन साहू,तुलसी साहू एवं अन्य सामाजिक जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तहसील सचिव देवेश साहू ने किया।

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के तहत् अब 7 हजार रुपए की राशि हितग्राहियों की दी जाएगी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत् वित्तीय वर्ष 2021.22 की प्रथम दो किश्त हस्तांतरित की गई है। वर्तमान में इस योजनांतर्गत प्रतिवर्ष 6000 रुपए के स्थान पर अब 7000 रूपये प्रति हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। इसके तहत् वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम किश्त की राशि 2000 प्रति हितग्राही के मान से 21 मई 2022 को पात्र हितग्राहियों के खाते में सीधे डीबीटी किया गया। इस वित्तीय वर्ष में लाभार्थियों के रूप में पुजारियों, बैगा, गुनिया, मांझी से भी आवेदन लिए जा रहे हैं तथा पूर्व में छूटे हुए हितग्राहियों एवं नवीन आवेदकों से भी आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के पंजीकृत 4702 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त के रूप में 94,04,000 की राशि अंतरण किया गया है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत जशपुर के 264, मनोरा के 206, दुलदुला के 289, कुनकुरी के 648, कांसाबेल के 248, फरसाबहार के 705, बगीचा के 395 एवं पत्थलगांव के 1710 हितग्राहियों के खातें में 2-2 हजार की राशि अंतरित की गई है। हितग्राहियों ने छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए यह योजना लाभदायक है और आर्थिक संबल मिलता है।

सफलता की कहानी

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत जशपुर जिले के लोगों का किया जा रहा है उपचार

मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक कुल 5603 मरीजों को किया गया लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाईल मेडिकल यूनिट की सुविधा प्रारंभ कर दूरस्थ अंचल के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बेहतर साधन उपलब्ध कराया गया है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों का खून जांच, थायराइड, मलेरिया, टाइफाइड, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, पल्स, ऑक्सीमीटर के साथ अन्य जांच कुशल लैब टेक्नीशियन एवं अत्याधुनिक सुविधा वाली मशीनों से की जाएगी। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का शिविर सभी वार्डों में रूट के अनुसार संचालित किया जा रहा है। नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक की स्थिति में 81 कैंप लगाया गया है। जिसमें कुल 5603 मरीजों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।



## कलेक्टर ने रोटरी क्लब को 6 और वाटरकूलर प्रदान किया

**कोरबा** । कलेक्टर रानू साहू ने आज रोटरी क्लब कोरबा को 06 नग वाटरकूलर पुनः प्रदान किया, जबकि इसके पूर्व 04 वाटरकूलर रोटरी क्लब को उपलब्ध कराए गए थे, क्लब द्वारा इन वाटरकूलर्स को विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित कर इनका संचालन संधारण किया जाएगा। राहगीरों एवं आमनागरिकों को शुद्ध व ठंडा पेयजल सुगमता से मिलेगा।

कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कलेक्टर रानू साहू द्वारा निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में 06 नग वाटरकूलर रोटरी क्लब कोरबा के पदाधिकारियों को पुनःप्रदान किए गए। यहाँ उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व विगत 26 अप्रैल को 04 नग वाटरकूलर कलेक्टर साहू द्वारा रोटरी क्लब को प्रदान किए गए थे, जिन्हें विभिन्न सार्वजनिक स् थानों पर रोटरी क्लब द्वारा संचालित किया जा रहा है, कुल मिलाकर 10 नग वाटरकूलर रोटरी क्लब को उपलब्ध कराए गए हैं। रोटरी क्लब इन वाटरकूलर्स के संचालन संधारण का कार्य करेगा तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों पर इनका संचालन करते हुए राहगीरों, आमनागरिकों व जरूरतमंदों को शुद्ध ठंडा पेयजल उपलब्ध कराए जाएगा। रोटरी क्लब को वाटरकूलर्स प्रदान किए जाने के अवसर पर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के साथ ही निगम के जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, रोटरी क्लब अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, पदाधिकारी व सदस्यगण हरीश सिंघल, संजय अग्रवाल, नितिन चतुर्वेदी, हरविंदर सिंह, सहायक अभियंता राकेश मसीह एवं राहुल मिश्रा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्काउट गाइड्स के साल भर होंगी विविध गतिविधियां

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला बेमेतरा में गुरुवार को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा में जिला आयुक्त स्काउट अरविंद कुमार मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार स्काउट गाइड की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुनील तिवारी की उपस्थिति में साल भर विभिन्न गतिविधियां कराने के लिए कार्य योजना तैयार किया गया। योजना के तहत जून में योग शिविर, वृक्षारोपण, जुलाई में स्काउट गाइड बेसिक कोर्स, तृतीय सोपान निपूर्ण, अगस्त में कॅब बुलबुल शिविर, स्काउट गाईडर संगोष्ठी, सितम्बर में आपदा प्रबंधन, द्वितीय सोपान शिविर, अक्टूबर में स्काउट गाइड रोवर रेंजर कार्यशाला, सेवा शिविर नवरात्रि, नवम्बर में भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस प्लास्टिक फ्री जागरूकता रैली, कब बुलबुल उत्सव, दिसम्बर में स्काउट गाईडर कार्यशाला, हाइक, साहसिक अभियान शिविर, जनवरी में युवा उत्सव, फरवरी में चिंतन दिवस, अप्रैल मई में जल सेवा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक के दौरान महेश कुमार साहू लीडर ट्रेनर जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, रजनी रेड्डी जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, जिला सचिव सत्यनारायण साहू, संयुक्त सचिव चंद्रकला शर्मा, विकासखण्ड सचिव अमित छतरी, हिरऊराम ध्रुव, रेवाराम साहू, अनिल वर्मा, परमेश्वर साहू, अनुज राम साहू, उर्मिला दिवाकर, अजय कुमार दुबे, पोखन साहू, जिला संगठन आयुक्त धनुष सिन्हा एवं कक्ष प्रभारी लाला सिंह राजपूत उपस्थित थे।

## एक नजर

सफलता की कहानी

### श्रम विभाग की योजना का लाभ लेकर भोली यादव को मिला 1 लाख रुपए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिले में श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से निरंतर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजनांतर्गत कुनकुरी विकासखंड के ग्राम कुडुकेला निवासी राजकुमार यादव पिता धनंजय यादव की मृत्यु हो जाने पर राजकुमार के उत्तराधिकारी भोली यादव को योजनांतर्गत1 लाख रुपए प्रदान किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि उक्त राशि योजनांतर्गत सामान्य मृत्यु होने पर दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने श्रम विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु पात्र हितग्राहियों से पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि आवश्यक दस्तावेज के साथ श्रम विभाग, लोक सेवा केन्द्र, व्हीएलई के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कल्याण निरीक्षण अभिषेक यादव मोबाईल नंबर 9111122448 पर संपर्क किया जा सकता है।

### राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय अंतर्गत पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी, हाट पहरिया, बाजा मोहरिया को भी किया जा रहा शामिल

* जनपद स्तर पर 10 जून तक आवेदन जमा किया जाएगा

* ग्राम पंचायत स्तर पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07 जुलाई तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत् पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी, हाट पहरिया, बाजा मोहरिया को भी शामिल करते हुए आवेदन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। योजनांतर्गत् पात्र हितग्राहियों से निर्धारित कार्ययोजना अनुरूप कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके अंतर्गत् 10 जून तक जनपद स्तर पर आवेदन प्राप्त कर पंजीयन, 11 जून से 17 जून तक पोर्टल में प्रविष्टि, 18 जून से 24 जून तक प्राप्त आवेदन का ग्राम पंचायत में परीक्षण, 27 जून को ग्राम पंचायत द्वारा परीक्षण उपरांत दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूची का प्रकाशन, 30 जून से 07 जुलाई तक ग्राम पंचायत स्तर पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि, 08 जुलाई को विशेष ग्राम सभा में दावा आपत्ति आवेदनों का निराकरण, 09 जुलाई से 15 जुलाई तक ग्राम सभा से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार पात्र-अपात्र हितग्राहियों का वेबसाईट में अद्यतीकरण जनपद स्तर से तथा 18 जुलाई को सूची का अंतिम सत्यापन किया जाएगा।

### पुलिस चौकी कोरबी अंतर्गत लगाया गया चलित थाना


**कोरबा** । 01 जून 2022 को पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के निर्देशन में संगवारी पुलिस चलित थाना ग्राम पंचायत कुल्हारिया के आश्रित ग्राम बगबुड़ी के बीहड़ जंगल मे बसे 5 घर के आदिवासी समाज के बीच आम पेड़ के नीचे लगाया गया । जिसमें उपस्थित लोगों को किसी प्रकार की समस्या हो तो अवगत कराने कहने पर ग्रमीणों के द्वारा बताया गया कि मोहल्ले के हीरासिंह और अमरसिंह के मध्य भोजन खाने की बात को लेकर आपसी विवाद दो दिन पूर्व हुआ था जिसको लेकर दोनों में मन मुटाव है। बताये जाने पर दोनों व्यक्तियों को बुलाकर उनसे चर्चा कर आपस मे विवाद नही करने प्रेम एवम भाई चारा बनाकर रहने की समझाइश पुलिस एवम उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा दिये जाने पर दोनों पक्ष पूर्व में हुए विवाद को आपसी सहमति एवम राजीनामा खुशी खुशी से होकर मौके पर समाप्त किये जाने पर शिकायत का निराकरण मौके पर किया गया।

## फर्जी मोबाइल नंबरों से आए एसएमएम से बिजली उपभोक्ता सावधान रहें

कनेक्शन काटे जाने का संदेश भेजकर उपभोक्ताओं को कर रहे भ्रमित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संज्ञान में आया है कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर फेक एसएमएस भेजे जा रहे हैं। जिसमें बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का संदेश लिखा होता है तथा 10 अंकों का फर्जी मोबाइल नंबर से संपर्क करने कहा जाता है।




इस नंबर पर फोन करने पर साइबर ठग बिजली कनेक्शन कटने का झांसा देते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिए हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने को कहा है। कंपनी कभी भी अपने उपभोक्ताओं को 10 अंकों के मोबाइल नंबर से कोई मैसेज नहीं भेजती है और न ही 10 अंकों के मोबाइल नंबर पर किसी तरह के भुगतान स्वीकार किया जाता है। कभी किसी लिंक को क्लिक करने के लिए कहती है और न ही ष्मोर बिजली ऐप के अलावा किसी ऐप को डाउनलोड करने या उपयोग करने को कहती है। साइबर ठग उपभोक्ता नंबर के बजाय उपभोक्ता का मोबाइल नंबर मांगते हैं और भुगतान संबंधी जानकारी देने की बात कहते हैं। साथ ही ये प्ले स्टोर में जाकर किसी एप को डाउनलोड करने कहते हैंए जिससे उपभोक्ता धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि बिजली संबंधी सभी भुगतान विद्युत वितरण कंपनी के काउंटरों, एटीपी सेंटरों, मोर बिजली ऐप, कंपनी की वेबसाइट सीएसपीसीडॉडसीओडॉडइन अथवा सीएससी या वेतन बिंदु के अधिकृत आउटलेट्स पर ही करें। इनके अलावा किसी दूसरे माध्यम से किसी भी तरह की राशि का भुगतान न करें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को सूचनार्थ भेजे जाने वाले अधिकृत एसएमएस हमेशा सीएसपीडीसीएल सेन्डर आईडी के साथ भेजे जाते हैं। इसके अलावा कंपनी ने अपने सभी उपभोक्ताओं को ऐसे किसी भी अनाधिकृत एसएमएस को नजर अंदाज करने की सलाह दी है। इसके अलावा कंपनी की टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर अपने संदेह का समाधान कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार बेलगहना को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना कोटा विकासखंड अंतर्गत भाजपा मंडल बेलगहना के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने बाइक रैली निकाल कर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग बेलगहना से आमागोहन खोंगसरा सड़क मार्ग के नवीन निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसील बेलगहना में ज्ञापन सौंपा। साथ ही मांग 10 दिवस के भीतर पूरी न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। कार्यकर्ताओं ने कहा मांग पूरी न होने पर मुख्यमंत्री के दौरे का विरोध काले झंडे दिखाकर करेंगे। विकास के लिए नवीन मार्ग निर्माण न करा सकने के बाद भी क्षेत्र में अपनी पीठ थपथपाने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा मंडल बेलगहना इसका पुरजोर विरोध करेगी। ज्ञात हो बेलगहना आमागोहन खोंगसरा मार्ग लगभग 30 से भी अधिक गांवों को बेलगहना, करगिरोड एरतनपुर, बिलासपुर से जोड़ने का काम करती है वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं को इन क्षेत्रों में पहुंचने यह एकमात्र पहुंच मार्ग है जिसकी स्थिति ऐसी की मेडिकल हेल्प समय पर न पहुंचने से मरीज बीच रास्ते ही दम तोड़ दे। रास्ते में पड़ने वाले जर्जर पुलिया के ऊपर से बहता है बाढ़ का पानी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बेलगहना राजेश कश्यप, महामंत्री निरंजन पैंकरा, विश्वनाथ पटेल, मनोहर राज जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत कोटा, लखन पैंकरा जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, रामेश्वर राजपूत जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, राजेश पाण्डेय जिला कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा, मजहर खान मंडल प्रतिनिधि बेलगहना, विसर्जन प्रजापति, किसान मोर्चा अध्यक्ष सतीश गुप्ता, किसान मोर्चा महामंत्री रुद्र अग्रवाल, प्रदीप कौशिक, नरेंद्र बाबा गोस्वामी, लवकुश कश्यप, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रदीप साहू, गिरीश साहू, अशोक मरकाम, विजय केशरवानी, दीपक पाण्डेय, धनेंद्र साहू, सोम साहू, रवि घोष, शिवेंद्र शुक्ला, रामखिलावन, बलराम, हेमंत सिंह एवं बेलगहना मंडल के सभी क्षेत्रों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# चाकू लहराते हुए युवक को गरियाबंद पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

## आरोपी युवक देवभोग गोलामाल का निवासी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में था

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



जिला में शांति, सुरक्षा,यातायात व्यवस्था बनाये रखने सूबे के पुलिस कप्तान जेआर ठाकुर ने पहले से ही निर्देश जारी कर दिये है। एसपी ठाकुर, और एएसपी चंद्रेश ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक के सफ ल पर्यवेक्षण के कारण एक बड़ी वारदात टल गयी। गरियाबंद के रावनाभांठा में ओमकार सोनवानी नाम का युवक दिन दहाड़े चाकू लहराकर वारदात को अंजाम देने के फि राक में था। जिसकी सूचना मुखबीर के माध्यम से मिलने के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने गरियाबंद सिटी कोतवाली के टीम के साथ मिलकर धारदार चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्पेशल टीम की लगातार स्पेशल कारवाई

गरियाबंद एसपी ने जिला में एक स्पेशल टीम का गठन किया है पुलिस बल में से होनहार पुलिस कर्मीयो को इस टीम में रखा गया है। इस टीम का नेटवर्क इतना मजबूत की जिलाभर में कोई भी वारदात हो या तस्करी या तो कोई अपराध इसकी जानकारी जुटा लेता है। और कई मामले पर अब तक कारवाई भी कर चुकी है। ऐसे में कल चाकुबाज युवक की सूचना मिलते ही क्राइम स्पाट तक पहुंचकर क्राइम होने से रोक लिया। इस चाकुबाज को पकड़ने में टीम मुखिया अंगदराव वाघ,चुड़ामणी देवता, जयप्रकाश मिश्रा,सुशील पाठक,यादराम ध्रुव, रविन्द्र सिन्हा,हरीश साहू सहित सिटी कोतवाली के मनीश वर्मा,मनीश केलकर, आलोक शर्मा शामिल थे।

### आरोपी पर आर्म एक्ट के तहत कारवाई

***पकड़े गये चाकुबाज ओमकार पिता लछिन्दर सोनवानी पर सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 140/2022 के तहत मामला दर्ज किया गया और धारा 25,27आर्म एक्ट के तहत न्यायलय मे पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल दाखिल कर दिया गया है।***

चिटफंड कंपनी के विरूद्ध बेमेतरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## पीएसीएल कंपनी की एक मर्सिडीज कार जप्त, शीघ्र होगी नीलामी

जोहार छत्तीसग़ढ़-बेमेतरा।




मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में बीएनमीणा भापुसे पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज, दुर्ग के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह भापुसे एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर चिटफ ंड कंपनियों पर लगातार कार्यवाही हेतु दिशा, निर्देश दिया गया था। पीएसीएल कंपनी में बेमेतरा जिले के करीबन हजारो निवेशको द्वारा लगाये गये खुन पसीने की गाढी कमाई करीबन 152 करोड रूपये वापस दिलाने हेतु पीएसीएल कंपनी के डायरेक्टरो की धरपकड़ एवं उनके सम्पत्ति की पता साजी हेतु थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ठ, प्रधान आरक्षक संदीप साहू, आरक्षक बिरेन्द्र चंद्रवंशी एवं अन्य को निर्देशित किया गया था। निर्देशो के पालन में पीएसीएल कंपनी के चार डायरेक्टरों की गिरफ्तारी की जा चुंकि है शेष पांच डायरेक्टरो की गिरफ्तारी करने हेतु गठित टीम द्वारा भरसक प्रयास जारी है। कुछ समय पहले गिरफ्तार आरोपी अनुराग शर्मा के पास से कंपनी के एक मर्सिडीज कार क्रमांक सीएच 04 ए 7664 की जानकारी तथा मोहाली पंजाब में दो बंगले जो निवेशको के पैसों से पीएसीएल् कंपनी के नाम पर खरीदे गये थे इसका पता लगाकर कुर्की की कार्यवाही हेतु जिला कलेक्टर बेमेतरा को जानकारी साझा किया गया है कंपनी के जप्त संपत्ति की अनुमानीत कीमत 15 करोड 30 लाख रूपये आंकि गई है, कलेक्टर बेमेतरा द्वारा शीघ्र कुर्की हेतु त्वरित कार्यवाही की जा रही है। कुर्की पश्चात प्राप्त रकम से बेमेतरा जिले के निवेशको की धन वापसी की जा सकेगी।

## सिलेंडर फटने से घर में लगी भीषण आग, जान बचाने बाहर भागे घर के लोग

घर का सारा सामान जलकर हुआ राख, 10 लाख की क्षति का अनुमान

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



मंगलवार को देर शाम नगर के मध्य स्थित कुर्मी पारा निवासी देवेन्द्र चंद्राकर के निवास में घरेलु गैस सिलिंडर फटने से घर में रखा सामान और कीमती आभूषण सब जलकर खाक हो गये। खास बात यह रही किए इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। अलबत्ता घटना के दौरान घर में मौजूद देवेन्द्र चंद्राकर की मां पत्नी और बच्चे परिवार सहित जान बचाने घर से बाहर भागे। पड़ोस के लोग भी आग की विकरालता को देखकर भय के मारे दहशत में आ गये थे। फायर ब्रिगेड की मदद से घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया गया है कि जो गैस सिलिंडर ब्लास्ट हुआ है वह पूरी तरह फुल पैक था। इसे घर के स्टोर कक्ष में रखा गया था । सिलिंडर फ्टने से लगी आग में 8 से 10 लाख रुपये की क्षति का अनुमान है।

## मल्टीपल कन्वेंशन में लायंस क्लब ऑफ कोरबा के सदस्य सम्मानित

**कोरबा** । लायंस क्लब कोरबा के आतिथ्य में रायपुर के बेबीलॉन इन में मल्टीपल कन्वेंशन का शानदार आयोजन किया गया। मल्टीपल कन्वेंशन कार्येक्रम का शुभारम्भ मल्टीपल कॉउंसिल चेयरपर्सन एम.जे.एफ ला. जयप्रकाश अग्रवाल ने अध्यक्षता की एवं उसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में इंटरनेशनल थर्ड वाइस प्रेसिडेंट इंडोरसी लायन ए.पी. सिंह जी, मल्टीपल कन्वेंशन मैत्री इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन विनोद कुमार लाडिया जी, पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर ला. कमलेश जैन जी, इंटरनेशनल डॉयरेक्टर इंडोरसी लायन पंकज मेहता जी, पूर्व डि. गवर्नर एम.जे.एफ लायन बी.के. मिश्रा जी, पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एम.जे.एफ लायन राजेन्द्र तिवारी जी उपस्थित रहे। मल्टीपल के विभिन्न डिस्ट्रिक्ट से आए हुए सभी पदाधिकारीयों को उनके विशिष्ट सेवा गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में लायंस क्लब कोरबा के अध्यक्षा ला. कामायनी दूबे, सचिव लायन मधु पाण्डेय, कोषाध्यक्ष ला. शहनाज़ शेख, निर्वितमान अध्यक्ष लायन सत्येन्द्र वासन, निर्वितमान सचिव लायन मीना सिंह, लायन दीपक माखीजा, लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन संतोष खरे, जोन चेयरपर्सन लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), लायन आशीष अग्रवाल सभी लायंस क्लब के पदाधिकारीयों को उनके सालभर के विशिष्ट सेवा गतिविधियों के सम्मानित किया । मल्टीपल कॉउंसिल चेयरपर्सन एम.जे.एफ ला. जयप्रकाश अग्रवाल जी ने अपने स्वागत उदबोधन में सभी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिती का धन्यवाद देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## पीएम के आठ साल में आठ जनकल्याणकारी योजनाओं ने बदली जनता की तकदीर-मुरलीधर सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



पीएम मोदी को सरकार चलाते आठ साल हो गये मोदी सरकार के इन आठ सालों में सरकार आठ जनकल्याणकारी योजनाओं ने जनता की तकदीर और तस्वीर बदल दी है उक्त बातें गरियाबंद के पूर्व जिला महामंत्री और मार्केटिंग सोसायटी किसान राईस मील के अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा ने एक प्रेसवार्ता मे कही है। उन्होंने कहा केन्द्र की मोदी सरकार के कामकाज को लेकर जनता खुश है और जनता ने उनको बधाई दी है। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुये कहा कांग्रेस ने 50 साल देश का सिर्फ शोषण किया। भाजपा हमेशा देशहित में सरकार चलाती है भारत रत्न पूर्व पीएम अटल सरकार में भी संचार सुविधा से लेकर रक्षा मामले पर कई महत्वपूर्ण कार्य हुये है।और पीएम मोदी उन्ही के सपनो की भारत को आगे ले जा रहे है।

### कौन सी आठ योजनाएं जो जनता की तकदीर बदल दी

सिन्हा ने बताया पीएम मोदी ने 2014 को प्रधानमंत्री की शपथ ली और इन आठ सालों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10.97 करोड इज्जत घर,उज्जवला योजना में 9 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन,2करोड से अधिक पीएम आवास,मुद्रा योजना में 5करोड से अधिक लोगों को बिना गारन्टी के लोन,जनधन योजना के तहत 45करोड़ लोगों का जीरो बैलेंस में खाते, 12.5 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, नल से हर घर जल योजना से जल मिशन के तहत 6.3 करोड़ घरों को जल प्रदाय,आयुष्मान भारत के तहत 10.8 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कार्ड शामिल है जो जनता को सीधे लाभ पहुंचा रही है।

### छग में अगले बार भाजपा की सरकार

भाजपा नेता सिन्हा ने कहा छग के भुपेश सरकार के जुमले वादे को जनता समझ चुकी है अब आने वाले चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा नेता सिन्हा एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा इस बार गरियाबंद के दोनों विस में भाजपा विधायक के साथ राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी।

## एक नजर


### दो ने फांसी लगाई, एक जहर खुरानी से मृत्यु

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले में बागबहरा थाना अंतर्गत डोंगाडिपरा वार्ड क्रमांक 4 निवासी टिकेश्वर देवांगन 40, ने अपने घर के कमरे में फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कारण अज्ञात है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लाखागढ़ की रहने वाली 20 वर्षीया शहनाज परवीन ने भी कल बुधवार को अपने कमरे में फंदे से झूलकर जान दे दी। विवेचना शुरू कर दी गई है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। एक अन्य घटना पटेवा थाना क्षेत्र की है। ग्राम चिरको निवासी अन्गेश्वर पटेल 25 द्वारा अज्ञात कारणों से विषपान कर लेने से उसे उपचार हेतु तुमगांव स्थित शासकीय सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।


### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस.सिंहदेव 3 जून को बिलासपुर में लेंगे अधिकारियों की बैठक

**बिलासपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस.सिंहेदव 3 जून को सबेरे 11 बजे से यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में श्री सिंहदेव द्वारा उनके विभाग से संबंधित विभाग के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार 3 जून को सबेरे 11 बजे श्री सिंहदेव का बिलासपुर आगमन होगा। सबेरे 11 बजे से 12 बजे तक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिम्स की समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक जीएसटी विभाग की समीक्षा एवं दोपहर 2.30 बजे से शाम 4 बजे तक पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। वे शाम 4 बजे से 5 बजे तक सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से भेंट करेंगे। शाम 5 बजे श्री सिंहदेव अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के आरोप में पंचायत सचिव निलंबित

**बिलासपुर** । जनपद पंचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत नेवरा पंचायत सचिव दिनेश कुमार साहू को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ हरीस एस ने निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की जांच के बाद प्रारंभिक रूप से दोषी पाए जाने पर आज निलंबन के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार सचिव द्वारा पंचायत में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों में फर्जी मस्टर रोल तैयार करने, बिना प्रस्ताव के बोर खनन, सीसी रोड निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य की राशि आहरण कर कार्य नहीं कराने, सामग्री क्रय में भण्डार क्रय नियम का पालन नहीं करने, सामग्री क्रय के देयक में बिना सहमति एवं कोटेशन के पानी टंकी क्रय करना आदि पंचायत के कार्यों में स्वेच्छाचारिता पूर्वक फर्जी रूप से कैशबुक में राशि दर्ज कर नियम विरूद्ध कार्य करने के फलस्वरूप सचिव दिनेश कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।




निलंबन अवधि में दिनेश कुमार साहू का मुख्यालय जनपद पंचायत तखतपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। पंचायत का काम सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम पंचायत नेवरा का अतिरिक्त प्रभार खरगहना के सचिव संतोष कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत घोरामार का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत पडरिया के सचिव सुरेश मिश्रा को सौंपा गया है।

### पीएटी-पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा पांच को

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पीएटी-पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 2022 का आयोजन पांच जून 2022 को किया जाएगा। पीएटी-पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश पत्र व्यापमं के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इस परीक्षा के लिए कोरबा शहर में कुल चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

आज विश्व सायकल दिवस

## सुबह 6 बजे महासमुंद से पचेड़ा के लिए रवाना होगी सायकल यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

प्रतिवर्ष 3 जून को पूरे विश्व में विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को साइकिलिंग के फ ायदों के बारे में समझाना है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की मानें तो बढ़िया सेहत पाने के लिए वॉकिंग और साइक्लिंग एक सबसे बढ़िया माध्यम है।




जिले में विश्व सायकल दिवस का आयोजन जिला प्रशासन, वन विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 3 जून को महासमुंद के वन विद्यालय से किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को सबेरे 6 बजे वन विद्यालय में पहुंचना होगा। नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक ने बताया कि सायकल यात्रा 12 किलोमीटर बागबाहरा रोड पचेड़ा के लिए रवाना होंगे। इसके उपरांत सायकल यात्रियों का पुनः वापसी पचेड़ा से वन विद्यालय महामसुंद में होगा।

बता दें कि साइकिल चलाने के कई सारे फायदे होते हैं। साइकिल चलाने से वजन कम करने में तो सहायता मिलती है। साथ ही मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं। पर्यावरण के लिहाज से भी साइकिल चलाना एक बहुत अच्छी क्रिया है। यह वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखने में सहायक है। साथ ही साइकिल चलाने में किसी प्रकार के ईंधन का भी खर्च नहीं होता है।

## उपेक्षा को लेकर भाजपा पार्षदों का फूटा गुस्सा

सीएमओ को तीन दिन की मोहलत, 5 बिन्दुओं पर कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नगर पालिका में भाजपाई पार्षदों ने विभिन्न बिन्दुओं से अवगत करते हुए सीएमओ को लिखे गए पत्र में तीन दिन की मोहलत दी है। पार्षदों का कहना है कि पार्षदों की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाये, अन्यथा की स्थिति में पार्षदों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा।




भाजपाई पार्षद महेंद्र जैन, मंगेश टांकसाले, मीना वर्मा, मनीष शर्मा, पवन पटेल, हेमलता यादव व बड़े मुन्ना देवार ने बुधवार को पालिका सीएमओ को सौंपे गए मांग पत्र में 5 बिन्दुओ का उल्लेख करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद् के द्वारा अनेक अवसरों पर भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों की उपेक्षा की जा रही है। छः माह पूर्व आपके एवं तत्कालीन मुख्या नगर पालिका अधिकारी हालदार के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने पार्षद रूम की मांग की थी जिस पर आपके एवं तत्कालीन अधिकारी के द्वारा नगर पालिका के सामने के रूम को पार्षद रूम के रूप में सम्पूर्ण व्यवस्था टेबल, कुर्सी, डेंटिंग, पेंटिंग, एसी के साथ देने सहमती प्रदान की थी। किन्तु 23 मई को पीआईसी बैठक में उक्त स्थल को नगर पालिका की आर्थिक स्थिति कमजोर होने का हवाला देकर कैंटीन के रूप में उपयोग करने का निर्णय लिय है। जो की सर्वथा अनुचित है। वाही आंबेडकर चौक में डॉ. आंबेडकर की मूर्ति अज्ञात वाहन के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गयी थी। जिसे आपके द्वारा उसी स्थल से कुछ दुरी पर नई साज.सज्जा के साथ स्थानांतरित किया गया। लिकर्पण के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों की घोर उपेक्षा की गयी तथा उक्त स्थल पर पार्षदों के नाम भी अंकित नहीं किये गए। उक्त बिंदु पर पत्थर से समस्त पार्षदों के नाम अंकित कराये। 23 मई पीआईसी की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण स्थलों को नगर पालिका के द्वारा नो लॉस ना प्रॉफिट में देने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के अधर पर उक्त जगहो को किन पद्दतियो से दी जाएगी इसकी जानकारी भी पार्षदों को उपलब्ध की जानी चाहिये। मिशन क्लीन सिटी में कार्य करने वाले सैकड़ों महिलाओ को महासमुंद नगर पालिका में छुट्टी का प्रवधान नहीं है। जबकि पुरे भारत में अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को सप्ताह में एक दिन छुट्टी का प्रदान की जाती है । काम करने वाले ऐसे सैकड़ों लोगों को छुट्टी प्रदान की जाये। नगर की जनता को तीन टाइम पानी देने की बजाय उन्हें 24 घंटे नगर पालिका में पानी देने की योजना बनाई जानी चाहिए। नगर पालिका अगर हितग्राहियों को मीटर सिस्टम से टंकियो द्वारा सीधे पानी देने की योजना बनाई जानी चाहिए। इस पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे।



## रुबीना दिलैक ने येलो ड्रेस में शेयर कीं ग्लैमरस फोटोज़, फैन्स बोले 'ब्यूटीफुल सनफ्लॉवर'

**छोटे** पर्दे की मशहूर अदाकारा रुबीना दिलैक आज एक सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं और वो आए दिन कुछ ना कुछ नया अपलोड कर अपने फैन्स को ट्रीट देती नजर आती हैं। हाल ही में रुबीना दिलैक ने अपनी लेटेस्ट फोटोज़ शेयर की हैं, जिन्हें देख फैन्स उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

तस्वीरों में रुबीना दिलैक ने अपने सिल्की स्ट्रेट हेयर्स को खुला छोड़ा है और अपने न्यूड-स्मोकी मेकअप से फैन्स को मदहोश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

रुबीना दिलैक ने अपने इस लुक को गले में एक चोकर, हैंडबैग और हाई-हिल्स के साथ कम्प्लीट किया और कैमरे के लिए मिलियन डॉलर के पोज़ दिए।



## 'सम्राट पृथ्वीराज' देखने पहुंची योगी कैबिनेट, अखिलेश बोले- इतिहास के आटे से वर्तमान की रोटी नहीं बन सकती

**लखनऊ।** फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' को लेकर अब सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है. योगी सरकार के मूवी स्क्रीनिंग में शामिल होने पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है. अखिलेश ने कहा- ऐतिहासिक फिल्म देखने के बाद कैबिनेट से आग्रह है कि उप्र की वर्तमान हालत भी देखें. इतिहास के आटे से वर्तमान की रोटी नहीं बन सकती. बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' 3 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इससे पहले लखनऊ के लोकभवन में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ उनके मंत्री भी पहुंचे. ये मूवी 'पृथ्वीराज रासो' नाम की बुक पर आधारित है. फिल्म में अक्षय कुमार, मानुषी छिल्लर के साथ संजय दत्त और सोनू सूद भी अहम रोल में है. मूवी का निर्देशन चन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने किया है. बता दें कि इस मूवी को राजनीतिक गलियारों से भी सपोर्ट मिल रहा है. इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी पूरी फैमिली के साथ ये मूवी देखी थी. केंद्रीय मंत्री अमित शाह को अक्षय कुमार की ये फिल्म काफी पसंद आई.

## गिफ्ट लेकर सलमान खान से मिलने पहुंचे फैन के साथ भाईजान ने किया ऐसा बर्ताव



**नई दिल्ली।** सलमान खान बॉलीवुड के उन कलाकारों में से एक हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है. वह अपने फैंस से अक्सर रूबरू होते रहते हैं. लेकिन इस बार सलमान खान को एक फैन से मिलने के बाद आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. बुधवार को अभिनेता मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए. उन्होंने मीडिया के कैमरे के सामने पोज भी दिए. लेकिन इस दौरान सलमान खान ने अपने एक फैन के साथ ऐसा कर दिया कि लोग उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं. साथ ही उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं. सलमान खान के स्पॉट होने वाले वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भियानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. वीडियो में अभिनेता को ब्लैक ओपन शर्ट के साथ ब्लू टी-शर्ट में देखा जा सकता है. इसके साथ सलमान खान ने ब्लैक कलर की जींस पहनी है और मैचिंग जूते भी डाले हुए हैं.

## मशहूर सिंगर केके पंचतत्व में हुए विलीन

**अपने** सैकड़ों गानों से लोगों के दिलों में हमेशा के लिए जिंदा रहने वाले मशहूर सिंगर केके पंचतत्व में विलीन हो चुके हैं. कोलकाता में निधन के बाद आज उनका वर्सोवा के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान बॉलीवुड के कई सितारे उन्हें याद करते हुए दिखाई दिए.

### हजारों फैंस ने दी अंतिम विदाई

कृष्णकुमार कुन्नाथ यानी केके को उनके पिता ने मुखाग्नि दी. इस दौरान अपने चहेते सिंगर को आखिरी बार देखने वालों की भीड़ उमड़ गई. हजारों फैंस उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे. फैंस ने केके अमर रहे के नारे भी लगाए. इसके अलावा म्यूजिक इंडस्ट्री के तमाम दिग्गज भी केके के अंतिम संस्कार में शामिल हुए. सभी लोगों को इस दौरान भावुक देखा गया.




### कॉन्सर्ट में बिगड़ी थी तबीयत

केके कोलकाता के गुरुदास कॉलेज के नजरुल मंच पर आयोजित कॉन्सर्ट में लाइव परफॉर्म कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कई बार गर्मी की शिकायत भी की. कॉन्सर्ट के बाद केके जब अपने होटल पहुंचे तो उनकी तबीयत बिगड़ने लगी. उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. उनकी मौत को लेकर कई तरह की थ्योरी सामने आ रही थीं, लेकिन बाद में जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई तो उससे ये साफ हो गया कि केके की मौत हार्ट अटैक से हुई थी. इसके बाद पश्चिम बंगाल से केके का पार्थिव शरीर मुंबई लाया गया. जहां कुछ घंटों तक उनके शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था. उनके तमाम करीबियों ने यहां पहुंचकर अंतिम दर्शन किए, जिसके बाद फूलों से सजी एंबुलेंस में उन्हें श्मशान तक पहुंचाया गया.

## जॉनी डेप ने जीता मानहानि केस, एक्स वाइफ को देने पड़ेंगे 1 अरब 16 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप और उनकी एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के बीच चल रहे मानहानि के केस पर फैसला आ गया है. जॉनी डेप ने यह केस जीत लिया है. अब उनको 15 मिलियन डॉलर का मुआवजा डेप को देना होगा. लंबी बहस, गवाहियों और घंटों विचार-विमर्श के बाद मामले की सुनवाई कर रही सात जजों की बेंच ने फैसला सुना दिया.

जूरी ने एम्बर हर्ड को आदेश दिया है कि वे 10 मिलियन डॉलर की क्षतिपूर्ति और 5 मिलियन डॉलर के दंडात्मक हर्जाने का भुगतान करें. जूरी ने अपने फैसले में कहा है कि जॉनी डेप ये साबित करने में सफल रहे कि एम्बर ने उन्हें बदनाम किया.

जूरी ने एम्बर के साथ ही जॉनी डेप को भी मानहानि के कुछ मामलों में दोषी करार दिया है. जूरी ने एम्बर हर्ड के काउंटर सूट में मानहानि के कुछ मामलों में जॉनी डेप को दोषी करार देते हुए दो मिलियन डॉलर के मुआवजे का भुगतान करने के आदेश दिए हैं. सात सदस्यीय जूरी ने अंतिम फैसले पर पहुंचने से पहले तीन दिन तक गहन विचार-विमर्श किया. जूरी के फैसला सुनाते ही जॉनी डेप के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई. जॉनी डेप के समर्थक उस भवन के बाहर बड़ी तादाद में इकट्ठे हो गए, जहां जूरी अपना फैसला सुना रही थी. जूरी की ओर से एम्बर हर्ड को जॉनी डेप के मानहानि मामले में दोषी करार दिए जाने की खबर जैसे ही बाहर आई, हॉलीवुड सुपरस्टार के समर्थक जश्न में डूब गए. जॉनी डेप के समर्थकों ने जूरी हाउस के बाहर जश्न मनाना शुरू कर दिया.

# खेल

## नई पारी में दिखेगी दादा की दरियादिली- अब कोच-टीचर्स को सपोर्ट करेंगे गांगुली

**मुंबई.** पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली ने गुरुवार को अपनी नई पारी का ऐलान किया है। 49 साल के इस पूर्व खिलाड़ी ने अपने इस्तीफे की अफवाह के 20 घंटे बाद दो सोशल पोस्ट कर अपनी नई योजना बताई है। वे अब टीचर्स और कोचों को सपोर्ट करेंगे। दादा ने एक के बाद एक चार पोस्ट किए। एक में उनका प्रमोशनल वीडिया भी दिख रहा है।

पोस्ट में लिखा- दुनिया के सारे टीचर्स और कोचों के लिए कुछ करना चाहता हूं

'BCCI अध्यक्ष ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'पिछली पोस्ट के बाद लोग मुझसे सवाल कर रहे हैं। मैं अपनी सोसयटी के एक ऐसे ग्रुप के बारे में सोच रहा हूं जो देश को हर दिन महान बनाने में लगे हुए हैं। IPL ने कई बेहतरीन प्लेयर्स दिए, जो हर मोमेंट पर मुझे इंस्पायर करते हैं, लेकिन क्या यह उन खिलाड़ियों के कोचों के खून और पसीने का अमाउंट है जो उन्होंने उन खिलाड़ियों की सफलता में बहाया है। यह केवल क्रिकेट के लिए नहीं है, बल्कि उन दूसरे क्षेत्र के लिए भी है जैसे एकेडमिक, फुटबॉल, म्यूजिक। मैं उन सभी कोचों का आभारी हूं जिन्होंने मुझे वो बनाया, आज जो मैं हूं।

## वीरेंद्र सहवाग जब चीफ सिलेक्टर से बोले थे- तभी चुनो टीम में, जब मुझे सभी मैच खेलने हों

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर Virender Sehwag ने MS Dhoni की कप्तानी के दौरान की कुछ ऐसी बातें शेयर की हैं, जो उन्होंने अपने करियर के दौरान कभी नहीं कीं। सहवाग 2015 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं और इसके करीब सात साल बाद उन्होंने पूरा किस्सा सुनाया है कि 2008 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर क्या कुछ हुआ था और फिर कैसे उन्होंने वनडे टीम में जबर्दस्त वापसी की थी। सहवाग ने बताया कि उन्होंने जाकर खुद उस समय के चीफ सिलेक्टर के श्रीकांत से बात की थी।



क्रिकबज के शो 'मैच पार्टी' में सहवाग ने कहा, 'समय बदल जाता है। सिलेक्शन कमिटी के चेयरमैन के. श्रीकांत ने मुझसे पूछा था कि तुम क्या करना चाहते हो? मैंने उनसे कहा था कि अच्छी लय में होने के बावजूद टीम में मेरे लिए जगह नहीं थी अब मैं और क्या कर सकता हूं। मुझे टीम में तभी चुनो जब मुझे सभी मैच खेलने दिए जाएं।' सहवाग ने आगे कहा, 'वरना मुझे टीम में चुनने की जरूरत नहीं है। इसके बाद श्रीकांत ने एशिया कप से पहले उस समय के कप्तान धोनी से बात की थी। धोनी ने मुझसे कहा था वीरू पाजी आप खेलोगे। इसके बाद मैंने काफी क्रिकेट खेली, लेकिन इस बात को मैंने किसी से शेयर नहीं किया, क्योंकि मुझे पता था कि मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना है।'

## एक नजर

### IPL में अच्छा खेलकर इन 3 प्लेयर्स ने की टीम इंडिया में वापसी, बचाया खत्म हुआ करियर!



**भारतीय** टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 9 जून से 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी. अफ्रीका सीरीज के लिए टीम इंडिया की कमान केएल राहुल के हाथों में है. हाल ही खत्म हुए आईपीएल में तीन प्लेयर्स ने बहुत ही शानदार खेल दिखाया. आईपीएल के प्रदर्शन के दम ही इन प्लेयर्स ने टीम इंडिया में वापसी की है और अपने करियर को खत्म होने से बचा लिया है.

#### 1. हार्दिक पांड्या

टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद से ही हार्दिक पांड्या टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे. वह फिट भी नहीं थे, लेकिन आईपीएल 2022 में अपने खेल से हार्दिक ने सभी का दिल जीत लिया. हार्दिक पांड्या की अगुवाई में गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 का खिताब जीता. इसमें सबसे बड़ा योगदान हार्दिक के खेल का रहा है. आईपीएल 2022 के 15 मैचों में हार्दिक ने 15 मैचों में 487 रन और 8 विकेट हासिल किए. शानदार खेल की बदौलत ही हार्दिक ने टीम इंडिया में वापसी की है.

#### 2. कुलदीप यादव

भारतीय पिचें हमेशा से ही स्पिनर्स की मददगार होती हैं. इन पिचों का भरपूर फायदा आईपीएल में कुलदीप यादव ने उठाया. उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से आईपीएल 2022 के 14 मैचों में 21 विकेट हासिल किए और वह काफी किफायती भी साबित हुए. कुलदीप के खतरनाक खेल को देखते हुए ही सेलेक्टर्स ने दोबारा उन्हें टीम इंडिया में मौका दिया है.

#### 3. दिनेश कार्तिक

जब सभी दिनेश कार्तिक का करियर खत्म मान रहे थे और केकेआर टीम ने उन्हें रिटेन भी नहीं किया था. तब आईपीएल 2022 में दिनेश कार्तिक आरसीबी टीम के लिए सबसे बड़े मैच विनर बनकर उभरे. कार्तिक ने आईपीएल 2022 के 16 मैचों में 330 रन बनाए. कार्तिक की तीन साल बाद टीम इंडिया में वापसी हुई है. कार्तिक की उम्र 37 साल की हो चुकी है. इस उम्र में भी उनकी फुर्ती युवाओं को भी मात देती है.

## वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी टीम इंडिया, दो मैच खेले जाएंगे अमेरिका में

**नई दिल्ली।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत अमेरिका में कुछ टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेगा। बुधवार (1 जून) को जारी एक बयान में सीडब्ल्यूआई ने पुष्टि की है कि भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के कुछ मैच अमेरिका के फ्लोरिडा में खेलने हैं। बोर्ड ने कहा, 'आठ मैचों की भारत की सफेद गेंद का दौरा अगस्त से फ्लोरिडा के लॉडरहिल में ब्रोवार्ड काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में बैक-टू-बैक टी20 इंटरनेशनल फिक्स्चर के रोमांचक वीकेंड के साथ समाप्त होगा, जो 6 और 7 अगस्त को खेले जाएंगे।' पहले ये मैच कैरेबियाई सरजमीं पर खेले जाने थे।



भारतीय टीम का वेस्टइंडीज दौरा अब 22 जुलाई को शुरू होगा, जबकि दौरे पर आखिरी मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए श्रीलंका के दौरे पर जाएगी, जहां बाद में एशिया कप 2022 में भी टीम को खेलना होगा।

संयुक्त राज्य अमेरिका यानी यूएसए क्रिकेट में आंतरिक मुद्दों को देखते हुए सीडब्ल्यूआई के लिए यूएस के मैचों को हटाना आसान नहीं था। लॉडरहिल, फ्लोरिडा में दो टी20 इंटरनेशनल मैचों की मेजबानी के लिए अमेरिका से देर से अनुमति मिलने के कारण शेड्यूल जारी करने में देरी हुई।

## भारत के स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर ने खरीदी 2.45 करोड़ रुपये की मर्सिडीज

**नई दिल्ली.** भारतीय स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर ने 2.45 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) की कीमत वाली एक नई मर्सिडीज-एएमजी जी 63 4मैटिक एसयूवी खरीदी है। श्रेयस अय्यर की एसयूवी के साथ की तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। उनकी गाड़ी के साथ एक तस्वीर मुंबई की मर्सिडीज-बेंज लैंडमार्क कार्स द्वारा शेयर की गई है। हाल ही में श्रेयस अय्यर आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की कप्तानी करते हुए नजर आए थे। अय्यर को कोलकाता ने 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। अन्य क्रिकेटर्स की तरह अय्यर को भी महंगी गाड़ियों का शौक है। उनके पास लैंबॉर्गिनी ह्यूराकन सुपरकार, ऑडी आरएस5 जैसी



अन्य कारें भी हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए लैंडमार्क कार्स मुंबई ने लिखा, 'भारतीय क्रिकेटर श्री श्रेयस अय्यर को घर ले जाने के लिए एक बिल्कुल नई मर्सिडीज-बेंज जी 63 के लिए बधाई। जो बेजोड़ ऑफ-रोड और ऑन-रोड क्षमताओं के साथ है। हम स्टार परिवार में आपका स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि आप इस स्टार को चलाने में उतना ही आनंद लेंगे जितना हमें आपकी कवर ड्राइव देखने में आता है।' श्रेयस अय्यर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 जून से शुरू हो रही टी20 सीरीज में एक्शन में दिखेंगे। पहला मुकाबला दिल्ली में होगा।

# बीएसपी हादसे में ठेका श्रमिक की मौत के बाद डीजीएम सस्पेंड, मरच्यूरी के सामने बैठे स्वजन ने की नौकरी की मांग



**भिलाई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र में बुधवार को ब्लास्ट फर्नेस -7 के ग्रेलुलेशन प्लांट चेंबर के पास हुई दुर्घटना में राहुल उपाध्याय नामक ठेका श्रमिक की मौत हो गई थी। इस घटना में बीएसपी ने मैकेनिकल के डीजीएम केएसएनआर रमेश को सस्पेंड कर दिया है। वहीं दूसरी ओर मृतक ठेका श्रमिक राहुल उपाध्याय के स्वजन सेक्टर नाइन अस्पताल में मरच्युरी के सामने बैठे हुए हैं और संयंत्र में नौकरी देने की मांग कर रहे हैं।

### बीएसपी में हादसा, एक श्रमिक की मौत, एक झुलसा ः

बतादें कि भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के ब्लास्ट फर्नेस क्रमांक-7 में बुधवार दोपहर 12 बजे के लगभग मरम्मत कार्य के दौरान हादसा हो गया। फर्नेस के स्लैग ग्रेनुलेशन प्लांट में करीब 30 फीट नीचे बने चेंबर में वेल्डिंग का काम शुरू करते ही आग भभक उठी। घटना में वेल्डिंग का काम कर रहे मेसर्स अमन कंस्ट्रक्शन के दो ठेका श्रमिक परमेश्वर सिक्का (26 वर्ष) एवं राहुल उपाध्याय (32वर्ष) चपेट में आ गए। परमेश्वर वहां से किसी तरह निकल पाया। वह 90 फीसद झुलस गया है। उसे सेक्टर-9 अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। वहीं राहुल उपाध्याय नीचे ही फंस गया था।बीएसपी फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के बाद रेस्क्यू कर राहुल को निकाला। अस्पताल लाए जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिस ब्लास्ट फर्नेस क्रमांक-7 में हादसा हुआ उसमें बीते साल अगस्त माह से उत्पादन बंद है और कैपिटल रिपेयर का काम चल रहा है। हादसे की वजह ज्वलनशील गैस मानी जा रही है। डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ एंड सेफ्टी, छत्तीसगढ़ ने घटना की जांच शुरू कर दी है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कैपिटल रिपेयर के दौरान आज एसजीपी(स्लैग ग्रेनुलेशन प्लांट) के एयर लिफ्टिंग चेंबर- 2 में मैसर्स अमन कंस्ट्रक्शन के दो ठेका श्रमिकों द्वारा वेल्डिंग का कार्य किया जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे वहां अचानक आग भभक उठी। अकस्मात हुई इस घटना में दोनों ठेका श्रमिक कुछ समझ नहीं पाये। राहुल उपाध्याय नीचे ही फंसा रह गया। परमेश्वर बाहर तो निकल आया परंतु तब तक 90 फीसद झुलस गया। बर्न यूनिट में उसका उपचार जारी है स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### अगस्त से बंद है फर्नेस, फिर गैस कहां से आई ः

ब्लास्ट फर्नेस-7 में एसजीपी की कुल चार लाइन है। फर्नेस में हाट मेटल उत्पादन के दौरान कचरा को बाहर निकालते हुए एसजीपी में लाया जाता है। जिसे कई प्रक्रिया के बाद ठंडा किया जाता है, जो स्लैग कहलाता है। फर्नेस -7 को कैपिटल रिपेयर पर 18 अगस्त 2021 में लिया गया। तब से यहां उत्पादन बंद है। करीब तीन माह और रिपेयर का कार्य चलेगा। उत्पादन बंद होने एवं इतने दिन बाद ज्वलनशील गैस कहां से आई इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि उस स्थान पर काम शुरू करने से पहले गैस सेफ्टी मानीटर से जांच क्यों नहीं की गई। बगैर जांच के खतरनाक कार्यस्थल पर श्रमिकों को कैसे उतार दिया गया।

### सेफ्टी बेल्ट में फंस गया था राहुल ः

घटना स्थल पर दो श्रमिक परमेश्वर और राहुल ही काम कर रहे थे। उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से सेफ्टी बेल्ट बांध रखा था जिससे वे नीचे न गिरें।

जालीनुमा स्थान पर उन्हें वेल्डिंग का काम करना था। बताया जाता है कि आग भभकने पर परमेश्वर चीखते हुए किसी तरह बाहर पहुंचा। उसके शरीर पर का कपड़ा आग की लपटों की वजह से जल गया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे समीप के पानी के टैंक में डुबकी लगवाकर किसी तरह आग बुझाई वह 90 फीसद तक झुलस गया है। उसके शरीर पर सेफ्टी बेल्ट नहीं था। माना जा रहा है कि सेफ्टी बेल्ट खोलकर वह बाहर निकल गया परन्तु राहुल सेफ्टी बेल्ट नहीं खोल पाया और फंस गया। आग और धुआं की वजह से बाहर मौजूद लोग भीतर कुछ भी नहीं देख पा रहे थे।

### इधर उठी अनुकंपा की मांग ः

मामले की जांच डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ एंड सेफ्टी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू कर दी गई है। फर्नेस बीते साल अगस्त से बंद होने के बाद ज्लनशील गैस कैसे आई अथवा वहां गैस का पाकेट बनने की स्थिति में गैस सेफ्टी मानीटर से इसका पता क्यों नहीं चल पाया इन बिंदुओं पर जांच की जा रही है। वहीं भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भी इसकी उच्च स्तरीय जांच शुरू करा दी है। विभागीय अफसरों एवं घटना के समय मौजूद कर्मचारियों से जानकारी जुटाई जा रही है।

छत्तीसगढ़ शासन हेल्थ एंड सेफ्टी के डिप्टी डायरेक्टर केके द्विवेद्वी ने कहा, बीएसपी में हुए हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। आग ज्वलनशील गैस की वजह से लगी अथवा कुछ और वजह थी, सुरक्षा उपायों आदि की भी जांच में रखा गया है। भट्ठी थाना केके कुश्वाहा ने कहा, मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना स्थल की जांच, घटना स्थल के आसपास मौजूद अन्य कर्मियों का भी बयान लिया जाएगा।

## एक नजर

### जिले में मलेरिया रोधी माह आज से शुरू- घर-घर किया जा रहा जांच एवं उपचार

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** जिले में मलेरिया रोधी माह ( जून 2022) के तहत घर-घर भ्रमण करते हुए सघन जांच एवं उपचार किया जा रहा है। मलेरिया रोधी माह के तहत मच्छर रोधी छिड़काव ( सिथेटिक पाईरेथाँड अल्फा साईफरमेन्थिन, एएसपीएम ) का शुभारंभ आज से तीनों विकासखंड में किया गया। विकासखंड गौरेला अंतर्गत पीपरखूंटी में ग्राम के सरपंच द्वारा, विकासखंड पेंड्रा अंतर्गत आमाडांड में ग्राम के सरपंच द्वारा और विकासखंड मरवाही में जिला पंचायत सदस्य श्री शुभम पेंद्रो द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। मच्छर रोधी छिड़काव कार्य के व्यवस्थित संचालन के लिए डॉ अभिमन्यू सिंह, डॉ एम पी रौतेल, डॉ अखिलेश शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

### काम दिलाने की बात कहकर महिला को बुलाया बिल्डर और फार्म हाउस में ले जाकर महिला के साथ किया दुष्कर्म

**बिलासपुर ।** बिल्डर ने महिला को काम का झांसा देकर बुला लिया। इसके बाद उसे अपने फार्म हाउस में ले जाकर चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया। घटना से डरी महिला अपने घर लौट गई। बाद में उसने घटना की जानकारी अपने पति को देकर चकरभाठा थाने पहुंची। यहां पुलिस ने उसे जांच की बात कहते हुए लौटा दिया। महिला ने इसकी शिकायत आइजी से की। आइजी के निर्देश पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। कोटा क्षेत्र में रहने वाली 40 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि तीन महीने पहले वह काम की तलाश में शहर आई थी।

इस दौरान उसका परिचय बिल्डर और सब्जी व्यवसायी महेश अग्रवाल से हुआ। महेश ने उसे काम दिलाने की बात कही। इस पर महिला तीन अप्रैल की सुबह महेश के दिए पते महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित उसके घर पहुंची। यहां से महेश महिला को लेकर चकरभाठा क्षेत्र के धमनी स्थित अपने फार्म हाउस ले गया। वहां उसने महिला को चाकू की नोक पर धमकाकर दुष्कर्म किया। घटना से डरी महिला अपने घर लौट गई। उसने इसकी जानकारी अपने पति को भी नही दी। बाद में महिला ने किसी तरह हिम्मत कर इसकी जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद उसने चकरभाठा थाने में इसकी शिकायत की। इस पर पुलिस ने मामले की जांच की बात कहते हुए उसे लौटा दिया। महिला ने इसकी शिकायत आइजी रतनलाल डांगी से की। आइजी के निर्देश पर चकरभाठा पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन ः कार्यालय प्रमुखों को आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2022 के लिए कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संबंधित पंचायत क्षेत्रों में 31 मई से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी कर्यालय प्रमुखों को परिपत्र जारी कर विकासखंड गौरेला के ग्राम पंचायत गोरखपुर, विकासखंड पेण्ड्रा के ग्राम पंचायत बंधी, जाटादेवरी एवं जमड़ीखुर्द और विकासखंड मरवाही के ग्राम पंचायत साल्हेकोटा में लागू आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का कठोरता पूर्वक पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मरवाही के संचालक मंडल के सदस्यों और प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए तिथि जारी

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मरवाही, मड़ना डिपो गौरेला के संचालक मंडल के सदस्यों और प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए आज निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। संघ के रिटर्निग आफिसर ने बताया कि नियोजन पत्र प्राप्त करने के लिए 10 जून, नियोजन पत्रों की जांच के लिए 11 जून, नियोजन पत्रों की वापसी, प्रतीक चिन्हों का आबंटन तथा निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 12 जून को, आमसभा, मतदान एवं मतगणना 19 जून को, सहयोजन की सूचना जारी करने कि तिथि 10 जून, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए बैठक की सूचना जारी करने कि तिथि 21 जून और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन (संचालक मंडल की प्रथम बैठक) 26 जून 2022 को निर्धारित किया गया है। विस्तृत निर्वाचन कार्यक्रम संस्था कार्यालय मड़ना डिपो के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित




**बिलासपुर ।** अन्तर्राष्टीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों एवं द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में शहर में रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैण्ड एवं सार्वजनिक चौक चौराहों पर आमजनों से किसी भी प्रकार के नशा ना करने का संकल्प पत्र भरवाकर शपथ भी दिलाया गया। शासकीय कला पथकदल के कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित गीत संगीत के माध्यम एवं पाम्पलेट वितरण कर प्रचार-प्रसार किया गया।

जिले के विकासखण्ड मस्तूरी, तखतपुर, कोटा, बिल्हा के चयनित 10-10 ग्राम पंचायतों में छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान के अंतर्गत भारत-माता वाहिनी द्वारा ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन, नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली एवं पाम्पलेट, ब्रोशर वितरण कर ग्रामीणजनों को नशापान के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशामुक्ति वातावरण का निर्माण करने के लिए शपथ दिलाया गया।

इस अवसर पर शासकीय कलापथक दल समाज कल्याण विभाग बिलासपुर के कलाकार विजय केसकर, लीलाधर भांगे, दादूलाल बरेठ, राधेश्याम यादव, पूनाराम ध्रुव, राजेश सिसोदिया, कौशल कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।


# कृष्ण कुंज के लिए गौरेला और पेण्ड्रा में कलेक्टर-डीएफओ ने किया स्थल निरीक्षण

### कृष्ण कुंज नाम से वन विभाग दोनो नगर पंचायतों में बनाएगा सुन्दर गार्डन



**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** शहरी क्षेत्रों में कृष्ण कुंज नाम से वन विभाग द्वारा गार्डन विकसित किया जाना है। इसके लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और वनमंडलाधिकारी श्री दिनेश पटेल ने आज गौरेला और पेंड्रा में स्थल निरीक्षण किया। कृष्ण कुंज के लिए नगर पंचायत गौरेला के वार्ड क्रमांक 13 में मनिकंचन केंद्र के पीछे लोहरा झोरकी गार्डन से लगे चौरासी बांधा के पास लगभग 8 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत पेंड्रा के वार्ड क्रमांक 11 में बंजारी तालाब के पास लगभग 1 एकड़ 20 डिसमिल भूमि चयन किया गया है। कृष्ण कुंज में वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजाती के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। इससे पौधे के संरक्षण और विकास के साथ ही नगर वासियों को स्वच्छ वातावरण में घूमने-फिरने और आराम करेने की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने चिन्हित दोनो स्थलों पर नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग से कृष्ण कुंज तक पहुंच मार्ग और मुख्य द्वार बनाने तथा समुचित रूप से जल निकासी के निर्देश दिए। उन्होंने गार्डन में पाथवे बनाने के साथ ही चौपाटी एवं मरीना विकसित करने को कहा। वनमंडलाधिकारी ने संबंधित पटवारियों को कृष्ण कुंज के लिए चयनित स्थलों का नाप-जोख कर वीट गार्ड को उपलब्ध कराने कहा ताकि जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ हो सके। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण कुंज के शुभारंभ की योजना बनाई गई है।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस.सिंहदेव 3 जून को बिलासपुर में लेंगे अधिकारियों की बैठक



**बिलासपुर ।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस.सिंहेदव 3 जून को सबेरे 11 बजे से यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में श्री सिंहदेव द्वारा उनके विभाग से संबंधित विभाग के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार 3 जून को सबेरे 11 बजे श्री सिंहदेव का बिलासपुर आगमन होगा। सबेरे 11 बजे से 12 बजे तक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिम्स की समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक जीएसटी विभाग की समीक्षा एवं दोपहर 2.30 बजे से शाम 4 बजे तक पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। वे शाम 4 बजे से 5 बजे तक सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से भेंट करेंगे। शाम 5 बजे श्री सिंहदेव अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के आरोप में पंचायत सचिव निलंबित




**बिलासपुर (छत्तीसगढ़ उजाला)।** जनपद पंचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत नेवरा पंचायत सचिव दिनेश कुमार साहू को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ हरीस एस ने निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की जांच के बाद प्रारंभिक रूप से दोषी पाए जाने पर आज निलंबन के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार सचिव द्वारा पंचायत में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों में फर्जी मस्टर रोल तैयार करने, बिना प्रस्ताव के बोर खनन, सीसी रोड निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य की राशि आहरण कर कार्य नहीं कराने, सामग्री क्रय में भण्डार क्रय नियम का पालन नहीं करने, सामग्री क्रय के देयक में बिना सहमति एवं कोटेशन के पानी टंकी क्रय करना आदि पंचायत के कार्यों में स्वेच्छाचारिता पूर्वक फर्जी रूप से कैशबुक में राशि दर्ज कर नियम विरूद्ध कार्य करने के फलस्वरूप सचिव दिनेश कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन अवधि में दिनेश कुमार साहू का मुख्यालय जनपद पंचायत तखतपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। पंचायत का काम सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम पंचायत नेवरा का अतिरिक्त प्रभार खरगहना के सचिव संतोष कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत घोरामार का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत

## विकास भवन में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बिलासपुर ।** शहर में बरसात के दिनों में होने वाली पानी निकासी की समस्या एवं अरपा नदी में आने वाली संभावित बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए नगर निगम द्वारा नगर निगम कार्यालय विकास भवन में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-471224 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह कक्ष प्रत्येक दिन 24 घंटे कार्य करेगा।

बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए अधीक्षण अभियंता श्री नीलोत्पल तिवारी को नोडल अधिकारी, कार्यपालन अभियंता श्री क्रांति कुमार सिंह एवं श्री अनुपम तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर ने गौठान, स्कूल, छात्रावास और आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### मुख्य मार्गों में संचालित स्कूलों के बाउंड्रीवाल में आकर्षक पेंटिंग कराने दिए निर्देश



**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनपद पंचायत पेंड्रा के विभिन्न ग्रामों के गौठान, स्कूल, छात्रावास और आंगनबाडी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होने मुख्यमार्गों में संचालित स्कूलों के बांउडरी वाल मे स्वच्छ भारत मिशन और सर्व शिक्षा अभियान की आकर्षक पेंटिग कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने ग्राम सकोला के स्कूल-हॉस्टल कैंपस में खेल-मैदान, पाथ-वे, गार्डन, घास आदि लगाकर सोदर्यीकरण करने तथा पुस्तकालय में पुस्तकों के व्यवस्थित रखरखाव सहित छोटे और बड़े बच्चों के लिए उचित बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम गोढ़ा के गौठान में स्व सहायता समूहो द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली तथा गौठान में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी गौठानों में स्व सहायता समूहों को सक्रिय करते हुए आजीविका गतिविधियां से जोड़ने और गौठानों में वृक्षारोपण, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि मल्टीएक्टिविटी कार्यों के लिए योजना बनाकर कार्य करने कहा। उन्होने ग्राम गोढ़ा के शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होने स्कूल के अधूरे बांउड्रीवाल निर्माण की जानकारी ली तथा जल्द से जल्द निर्माणकार्य पूर्ण करने कहा। उन्होने आंगनबाड़ी केंद्र का रंगाई-पोताई कराए जाने कहा। उन्होने मनरेगा के तहत ग्राम गोढ़ा के हितग्राही कार्तिक पेंद्रो के यहा निर्माणाधीन कुआं का निरीक्षण किया तथा उपस्थित सरपंच को आवश्यकतानुसार गांव में और भी कुंआ निर्माण का कार्य कराए जाने कहा। उन्होंने जनपद पंचायत पेण्ड्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मनरेगा के लंबित भुगतान जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सकोला के स्कूल-हॉस्टल कैंपस में संचालित विभिन्न भवनों, पुस्तकालय कक्ष, मैदान, बाउंड्रीवाल आदि का व्यवस्थित विकास करने कहा, जिससे इस कैंपस की जिले में एक अलग पहचान बन सके। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से स्कूल कैंपस का व्यवस्थित विकास करने के निर्देश दिए है। उन्होने परिसर में स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास के बाउंड्रीवाल का मरम्मत करने, हास्टल में वृक्षा रोपण करने और साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होने स्कूल कैंपस सहित ग्राम पंचायत सकोला में कचरा के उचित प्रबंधन के लिए कार्य करने कहा। इसके साथ ही उनके द्वारा ग्राम पंचायत भाड़ी के शासकीय प्राथमिक शाला में पुस्तकालय और किताबों का पिटारा के लिए चिन्हांकित भवन, आदिमजाति कल्याण विकास पूर्व माध्यमिक शाला और कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भाड़ी के लिए किए गए शौचालय उन्नयन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने जलजीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था और पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पेंड्रा श्रीमती इंदिरा मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# युवाओं को जोड़ना हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती-सांसद बैज



**जगदलपुर।** बस्तर सांसद दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव - संकल्प शिविर में अपना उद्बोधन देते हुए कहा उदयपुर में जो नव संकल्प शिविर आयोजित हुआ उस शिविर से कांग्रेस पार्टी को देश में मजबूती मिलेगी। उस दौरान उपस्थित सांसद श्री बैज ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा की वे उदयपुर में युवा शिक्षा एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण कमेटी मे शामिल रहे साथ ही उस कमेटी द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के शासन में लगातार बढ़ती बेरोजगारी के चलते युवा परेशान है उन युवाओं को कैसे जोड़ा जाए और साथ ही 50 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को संगठन और सरकार में 50त्न टिकिट देने का निर्णय हमारी कमेटी ने तय किया। उसे पास कर पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया और साथ ही बेरोजगार युवाओं को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ रोजगार दो अभियान आगामी समय में चलाएगी।

जिससे प्रदेश के युवाओं को जोड़ा जा सके इन मुद्दो को लेकर बस्तर सांसद दीपक बैज ने वक्तव्य देते हुए अपना विचार रखा। इस नव संकल्प शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रभारी पी.एल.पुनिया,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम,स्वास्थ मंत्री टी एस सिंह देव,सह प्रभारी चंदन यादव,बस्तर सांसद दीपक बैज,विधायक विकास उपाध्याय ने कार्यक्रम के दौरान अपना उद्बोधन दिया। साथ ही कल संगठन को लेकर ग्रुप डिसकर्सन में मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम,बस्तर सांसद दीपक बैज,प्रतिमा चंद्राकार,विनय जायसवाल एवम हितेंद्र ठाकुर संगठात्मक कमेटी में शामिल होंगे।

# संभागायुक्त डॉ.अलंग ने जिले के कार्यालयों का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग आज वार्षिक निरीक्षण रोस्टर के तहत रायगढ़ जिले के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर भीम सिंह इस दौरान साथ रहे।



इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण करना संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके कार्यालय के सभी शाखाओं की जांच कर उसे अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त डॉ.अलंग ने सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कैशबुक, भण्डार व स्टॉक पंजी, अनुदान, पेंशन शाखाओं के दस्तावेजों का अवलोकन किया। इस दौरान कुछ अभिलेखों के अद्यतन नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जतायी तथा जिला शिक्षा अधिकारी को जल्द सभी दस्तावेज पूर्ण करवाने के लिए कहा। इसके पश्चात उन्होंने आदिवासी विकास विभाग का निरीक्षण किया यहां उन्होंने सर्विस बुक, कैशबुक तथा अन्य पंजियों का अवलोकन किया। उन्होंने सर्विस बुक का सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने श्रम विभाग तथा पीएचई विभाग का भी निरीक्षण कर दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने स्टॉक पंजी को नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, उपायुक्त अर्चना मिश्रा, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीएचई के एनएबीएल लैब का किया निरीक्षण

संभागायुक्त डॉ.अलंग इस मौके पर पीएचई विभाग द्वारा संचालित आईएसओ सर्टिफाईड एनएबीएल लैब का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने फिजीकल तथा मीटिरियोलाजिकल के अलग-अलग पैरामीटर्स पर की जाने वाली जांच का अवलोकन किया। उन्होंने टेक्नीशियन से जांच प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों के साथ-साथ अलग से आने वाले सैम्पलों की नियमित जांच करने के लिए कहा।

## एक नजर

### जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति हेतु 13 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास की ओर से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयवन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति किया जाना है। जिसके लिए 13 जून 2022 शाम 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण कर तथा आवश्यक दस्तावेज स्वयं सत्यापित कर नियत तिथि एवं समय पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में जमा कर सकते है। यह पद अशासकीय एवं पूर्णत: अस्थायी होंगे एवं निर्धारित एवं नियत की गयी अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### शासकीय नजूल रिक्त भूमि की नीलामी 9 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला-रायगढ़ के सरिया में स्थित शासकीय/नजूल रिक्त भूमि की खुली नीलामी 9 जून 2022 को दोपहर 3 बजे से तहसील कार्यालय बरमकेला के सभाकक्ष में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन नजूल अधिकारी सारंगढ़, जिला-रायगढ़ के कक्ष में निर्धारित राशि की डिमांड ड्राफ्ट सहित अंतिम तिथि 8 जून 2022 को शाम 5 बजे तक जमा की जाएगी।

जिला-रायगढ़ के सरिया वार्ड क्रमांक 12 में प्लांट व खसरा नंबर 956/2 में 1040 वर्गमीटर भूमि के लिए ऑफसेट मूल्य 63 लाख 87 हजार 732 रुपये तथा सरिया वार्ड क्रमांक 8 में प्लांट व खसरा नंबर 950/1 में 164 वर्गमीटर भूमि के लिए ऑफसेट मूल्य 1 लाख 99 हजार 780 रुपये निर्धारित है।

भूमि का नक्शा और फार्म और परिशिष्ट-2 जिसमें शासकीय भूखंड का भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन/बंटन दिया जायेगा। इच्छुक खरीददारों द्वारा नजूल अधिकारी, सारंगढ़ जिला-सारंगढ़ तथा तहसीलदार कार्यालय बरमकेला में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में नीलामी के स्थान और समय पर भी देखा जा सकेगा। आबंटन हेतु अमानत राशि जमा करने वाले आवेदकगण को ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता होगी। प्रत्येक पक्षकार की ओर से आवेदक तथा उनका अभिकर्ता सहित दो व्यक्ति नीलामी में उपस्थित हो सकेंगे। नीलामी का अनुमोदन समिति के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ द्वारा किया जायेगा।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये नजूल अधिकारी, सारंगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### कलेक्टर की पहल से लाभान्वित हो रहे लोग

कोरबा। कलेक्टर रानू साहू की नागरिकों में गैर संचारी रोग बीपी- शुगर की जांच कर बीमारी बढने से पहले मरीजो का ईलाज सुनिश्चित करने की पहल से जिलेवासी लाभान्वित हो रहे है। आज नि:शुल्क बीपी, शुगर जांच कैम्प का आयोजन जिले में किया गया। इस शिविर में 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगो की बीपी और शुगर की जांच की गई। लोगो के जांच करने के पश्चात् बीपी, शुगर की पुष्टि होने वाले मरीजो को आवश्यक दवाईयां भी नि:शुल्क में प्रदान की गई। साथ ही जरूरी स्वास्थ्य सलाह भी लोगो को दी जा गई। जांच शिविरो में नागरिकगण उत्साह के साथ बीपी, शुगर की जांच कराने पहुंचे।

कलेक्टर साहू सहित जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने एनसीडी कैम्पों का निरीक्षण कर शिविर के सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर साहू ने नगर निगम क्षेत्र कोरबा के अंतर्गत विभिन्न कैम्पों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने रानी धनराज कुंवर पीएचसी, देवांगन पारा, तुलसीनगर, ढोढीपारा और कोहडिया में बनाये गये जांच कैम्पों का निरीक्षण किया। उन्होंने कैम्प में बीपी, शुगर की जांच कराने आये लोगो से बात भी की। लोगो ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क किये जा रहे बीपी, शुगर जांच कैंप बहुत अच्छी पहल है। इसमें सभी नागरिको को अपने नजदीकी जांच कैम्पों में ही जांच की सुविधा मिल रही है। दूर अस्पताल जाने की जरूरत नही पड रही है। जांच कराने आए नागरिकों ने बताया कि जांच उपरांत बीपी शुगर असामान्य होने पर जरूरी दवाइयां और बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सलाह भी दी गई।

## वर्षो से काबिज वन भूमि का मालिकाना हक मिलने से वनवासी परिवारों की बदली जिन्दगी

**कोरबा ।** कलेक्टर रानू साहू की पहल से जिले में आयोजित किए जा रहे सरकार तुंहर द्वार शिविरों से जिलेवासी लाभान्वित हो रहे है। शिविर के माध्यम से लोगो को राशन, पेंशन, किसान किताब, वन अधिकार पट्टा, राजस्व प्रकरणों के निराकरण आदि सुविधाएं शिविर स्थल में ही प्राप्त हो जा रही है। जिससे नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल रही है। विकासखण्ड कोरबा के ग्राम कोरकोमा में 26 मई को आयोजित सरकार तुंहर द्वार शिविर 43 वनवासियों की जिन्दगी में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आया। शिविर में 43 वनवासियों को पुरखो द्वारा वर्षो से काबिज वन भूमि का मालिकाना हक मिल गया। पूर्वजो द्वारा काबिज जमीन का मालिकाना हक मिलने से वनवासी परिवारों की जिन्दगी बदल गयी। वनवासी नागरिकों को वन भूमि का पट्टा मिल जाने से अब उन्हें खेती-किसानी में असानी होगी। साथ ही शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी सहुलियत होगी। शिविर के माध्यम से वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने वाले ग्राम कोल्गा के किसान वचन दास, लालचंद, गंभीर सिंह तथा ग्राम मदनपुर के किसान तीजकुंवर एवं बालम सिंह ने बताया कि उनके पूर्वज वर्षो से वनांचल में जंगल साफकरके खेती किसानी करते आ रहे है। वन अधिकार पट्टा प्राप्त नही हुआ था तो जमीन छीन जाने का डर हमेशा बना रहता था।

## एक गमछे से बांधकर प्रेमी जोड़े ने दी जान-16 साल की लड़की के साथ नदी में कूदा युवक, 2 दिन बाद मिले शव

**भिलाई।** दुर्ग में शिवनाथ नदी के तट पर एक लड़की और लड़के का शव मिला है। बताया जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। लड़का 20 साल का था और लड़की 16 साल की नाबालिग थी। परिजन उनकी शादी के खिलाफ थे। इससे दोनों ने गमछे से एक दूसरे को बांधकर नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करके दोनों शवों को पीएम के लिए भेज दिया है।



दुर्ग कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक की पहचान मछली मार्केट सुपेला निवासी रितेश वर्मा (रिकेश उर्फ डमरू) के रूप में हुई है। वह 16 वर्षीय किशोरी से बेपनाह प्यार करता था। दोनों एक दूसरे शादी करना चाहते थे। जब यह बात लड़की के परिजनों को पता चली तो उन्होंने शादी से साफ मना कर दिया। लड़की के पिता उसे बिहार छोड़कर आ गए थे।

दो दिन पहले ही 30 मई को लड़की वहां से लौटी तो रिकेश और नाबालिग की मुलाकात भिलाई स्टेशन में हुई। यहां दोनों बिना किसी को कुछ बताए सीधे दुर्ग शिवनाथ नदी चले गए। यहां दोनों ने एक दूसरे को गमछे से बांधा और नदी में छलांग लगा दी। उनकी लाश 2 जून की सुबह शिवनाथ मुक्तिधाम के पास शिव मंदिर के किनारे देखी गई।

गुरुवार सुबह जैसे ही नदी में दो लोगों की लाश लोगों ने देखी तो जानकारी दुर्ग पुलिस को दी गई। टीआई एसएन सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों शव की पहचान करवाकर परिजनों की इसकी जानकारी दी। टीआई के मुताबिक नाबालिग के हाथ मे एक कागज भी बरामद हुआ है। जिसमें उसके पिता का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था।

## दूरस्थ कुधूर, तुमड़ीवाल ग्राम के पारा, टोलों में हुआ बोर खनन

पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को मिली निजात, कलेक्टर के दौरे में ग्रामीणों ने की थी मांग

कोण्डागांव। मर्दापाल क्षेत्र के सुदूर वनांचल ग्राम तुमड़ीवाल और कुधूर की बसाहटों में पेयजल समस्या से जुझते ग्रामीणों को पेयजल की परेशानी से मुक्ति मिली है।



ज्ञातव्य है कि विगत दिवस कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा इन क्षेत्रों का दौरा किया गया था तब उनके समक्ष स्थानीय ग्रामीणों ने हैण्डपम्प के मांग की गुहार लगाई थी और कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत को हैण्डपम्प विहीन पारा, टोला का चिन्हांकन कर बोर खनन करने हेतु निर्देशित किया था। परिणामस्वरूप तुमड़ीवाल ग्राम के आश्रित ग्राम नयापारा हांदापाल, स्कूलपारा बेड़मा, आंगनबाड़ी पारा हांदापाल, चमरा पारा, स्कूल पारा, लाउडपारा कोरमेटा, डोंगरीपारा, यादवपारा, सालेमारी पारा, सिरहा पारा, राकसमेटा, घोटुलपारा में बोर खनन किया गया साथ ही 03 बोर का सफाई कार्य भी हुआ। इस क्रम में आजापाट पारा कीलम ग्राम पंचायत बेचा में भी हैण्डपम्प लगा दिया गया। यह वही ग्रामीण ईलाके हैं जहां पूरे वर्ष ग्रामीणों का दूर दराज जगहों से पानी लाना एक विवशता थी और गर्मियों में तो यह समस्या और विकराल बन जाता था। बहरहाल कलेक्टर के निर्देश पर तुरंत क्रियान्वयन होने से इन पारा, टोला, मजरे में बसे ग्रामीण हर्षित हैं और प्रशासन के इस सार्थक निदान की सराहना कर रहे हैं। इस प्रकार ग्रामीणों का प्रशासन पर विश्वास और भी सुदृढ़ हुआ है।

## नवदंपत्ति के घर मितान बनकर पहुंचे संभागायुक्त, सौंपा विवाह प्रमाण-पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने आज मितान बनकर रायगढ़ निवासी अनुराग गुप्ता के निवास पहुंचे और उन्हें उनका विवाह प्रमाण-पत्र सौंपा। कलेक्टर भीम सिंह व नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी इस दौरान साथ रहे।



इस अवसर पर उन्होंने नवयुगल दंपत्ति को आशीर्वाद व शुभकामनाएं भी दी। गौरतलब है कि अनुराग गुप्ता व सुमन मित्तल की हाल ही में शादी हुयी है। जिसका प्रमाण-पत्र उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से बनवाया है इसके लिए उन्होंने 01 जून को काल कर आवेदन किया और आज 2 जून को उनका प्रमाण-पत्र तैयार कर उन्हें सौंप दिया गया। इस अवसर पर नवयुगल अनुराग गुप्ता व सुमन मित्तल ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री मितान योजना से सिर्फ एक दिन में घर बैठे अपना विवाह प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ। उन्होंने इसे जीवन का एक यादगार अनुभव बताते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि संभागायुक्त, जिले के कलेक्टर और निगम आयुक्त खुद घर पहुंचकर उन्हें उनका विवाह प्रमाण-पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने कहा कि इस योजना के माध्यम से शासन लोगों को नागरिक सेवाएं उनके घर तक पहुंचाकर दे रही है, ताकि लोगों के समय व श्रम की बचत हो तथा वे सुविधाजनक तरीके से अपने दस्तावेज प्राप्त कर सकें। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने की अपील की।

## ईंट भट्ठे में काम करने वाली महिलाओं ने ऑनलाईन ट्रेनिंग लेकर शुरू किया

खुद का फ्लाईऐश ब्रिक्स प्लांट, कमिश्नर डॉ.अलंग ने कहा वेल डन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

ईच्छाशक्ति के बूते आदमी अपने सपने व सोच को साकार कर सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है भेलवाटिकरा के गौठान में काम कर रही है राधा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने। पहले ईंट भट्ठे में काम करने वाली ये महिलाएं आज अपना खुद का फ्लाईऐश ब्रिक्स प्लांट चला रही है। महिला समूह का काम देखने बिलासपुर संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग पहुंचे थे। उन्होंने समूह से उनके काम के बारे में चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि पहले वे दूसरे ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करती थी। जिला प्रशासन के सहयोग से उन्होंने यह फ्लाईऐश ब्रिक्स प्लांट डाला है। इसके लिए उन्होंने ऑनलाईन वीडियोज देखकर ट्रेनिंग ली है और अपना काम कर रही है। इस काम से उन्हें 4 माह में तकरीबन 4.5 लाख की आय हुई है। जिसमें से 1.25 लाख



रुपए लोन को उन्होंने चुका दिया है। इस पर कमिश्नर डॉ.अलंग ने खुशी जाहिर करते हुए महिला समूह के काम तथा उनके जज्बे की तारीफ की और आगे बेहतर करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने जिला प्रशासन की पहल की भी सराहना की। उन्होंने महिलाओं से कहा कि जैसे आपका काम का स्तर बढ़ेगा उसके लिए आपको उद्यमिता के गुर भी सीखने है। जिससे आप सभी अपने उत्पादन की सेल्स और मार्केटिंग भी संभाल सकें। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को महिला समूह की आवश्यकतानुसार संसाधन व सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, उपायुक्त अर्चना मिश्रा, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत बी.तिग्गा, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अपने काम का रखें पूरा लेखा-जोखा-डॉ.अलंग

अपने प्रवास के दौरान कमिश्नर डॉ.अलंग पुसौर विकासखण्ड के सूपा गौठान भी पहुंचे। यहां उन्होंने मल्टी एक्टिविटी सेंटर में महिला समूहों द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों के बारे में कार्यरत महिलाओं से चर्चा कर जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि यहां पर सब्जी उत्पादन, मुर्गी व बटेर पालन, मछली पालन के साथ 14 प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है।

सब्जी विक्रय से अच्छा मुनाफा महिलाओं ने कमाया है। वहीं मुर्गी व बटेर भी विक्रय योग्य हो चुका है। कमिश्नर डॉ.अलंग ने महिलाओं के काम की तारीफ करते हुए पपीते और केले जैसे जल्द फलने वाले पौधे खेखसा व परवल जैसे अच्छे दाम में बिकने वाली सब्जियां तथा बकरी पालन करने का सुझाव दिया। जिससे समूह की महिलाएं कम समय व लागत में अधिक मुनाफा कमा सकें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को अपने कामकाज का विस्तृत ब्यौरे को रजिस्टर में अपडेट करने के लिए कहा जिससे कार्य की मॉनिटरिंग अच्छे से हो।

## सेहत को स्वाद के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास है मिलेट्स कैफे-संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिला प्रशासन की पहल पर शुरू हुआ मिलेट्स कैफे सेहत को स्वाद के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास है। यह बातें संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने मिलेट्स कैफे के निरीक्षण के दौरान कही। कलेक्टर भीम सिंह भी इस दौरान साथ रहे। उन्होंने कहा कि यहां पौष्टिक अनाजों को आज के खान-पान से जोड़कर परोसा जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है इससे न केवल महिला समूहों को आय मिल रही है बल्कि कुपोषण मुक्ति के साथ ही मोटे अनाजों के उत्पादन व उपभोग को बढ़ावा देने के शासन के प्रयासों को बल मिल रहा है।




संभागायुक्त डॉ.अलंग ने जिला प्रशासन की पहल पर शुरू किए गए मिलेट्स कैफे का निरीक्षण किया। यहां महिला समूहों ने उन्हें कैफे में खास तौर पर मिलने वाले रागी के बर्गर, पकोड़े, चीला, ईडली, दही बड़ा, कोदो पुलाव परोसा। रागी और कोदो से तैयार इन व्यंजनों का स्वाद लेकर उन्होंने समूह की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोजगार के साथ कुपोषण मुक्ति के लिए मिलेट मिशन के तहत रायगढ़ में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। आज के खान-पान को पौष्टिक अनाजों से जोड़ते हुए जो व्यंजन यहां उपलब्ध कराएं जा रहे है यह सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने महिला समूहों से बात कर उनके काम-काज के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने संभागायुक्त डॉ.अलंग को मिलेट्स कैफे प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### सी-मार्ट से स्थानीय उत्पादों को मिल रहा अच्छा एक्सपोजर-डॉ.अलंग

इस दौरान संभागायुक्त डॉ.अलंग ने सी-मार्ट का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जिले के अलग-अलग हिस्सों में समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को देखा। उन्होंने कहा कि रायगढ़ के सी-मार्ट में जिले के विभिन्न विकासखण्डों के जो खास उत्पाद है, जिन्हें महिला समूह तैयार कर रही है, उसे इस सी-मार्ट के माध्यम से बेहतर एक्सपोजर मिल रहा है तथा लोगों तक यह सीधा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों के बीच इन प्रोडक्ट का प्रचार-प्रसार करें।

# ओपी चौधरी के रुप में अनमोल हीरा मिला है भाजपा को



## दो जून को जन्म लेने वाला व्यक्ति सभी के लिए दो जून की रोटी का व्यवस्था कर सकता है- टीकाराम पटेल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

ओपी चौधरी एक आईएएस आफिसर था। लेकिन वो अभी काफी चर्चा में है। इनका जन्म 2 जून 1981 को अविभाजित मध्यप्रदेश के रायगढ़ जिला के बायंग गांव में हुआ है। इनके पिता की मृत्यु इनके बाल्यकाल जब ये 8 वर्ष के थे तभी हो गया था। इतने कम उम्र में पिता का सर से साया उठ जाने से इनका जीवन बहुत ही तनाव भरा रहा है। ऐसे विषम प्रस्थितियों में भी अपनी मां की आशीर्वाद से विद्यार्थी जीवन को पूरा किया। सबसे कम उम्र में यूपीएससी की परीक्षा पास कर एक कलेक्टर बने। और सरकारों के सिस्टम को समझा और सिस्टम को बदलने के उद्देश्य से राजनीति की ओर ध्यान दिया। इन्होंने कलेक्टर जैसे पद से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इन्हें खरसिया विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा। कांग्रेस के अभेद्य गढ़ से भले ही चुनाव हार गए लेकिन अपनी क्षमता और जीवटता से सबको अवगत करा दिया। जिस प्रकार कांग्रेस ने लोक लुभावन वायदे किए थे ऐसी परिस्थिति में खरसिया से लाखों वोटों से भाजपा हारती लेकिन ओपी चौधरी की कुशल रणनीति और लोकप्रियता के वजह से महज सतरह हजार मतों से कांग्रेस सीट जीती। चुनाव हारने के बाद भी ओपी चौधरी का जज्बा कम नहीं हुआ वे लगातार सरकार के खिलाफ आवाज उठाते हुए सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ रहा है। भूपेश सरकार के खिलाफ कोई भी आन्दोलन हो उनके अगुवाई में हर आंदोलन सफल हुआ है। स्वर्गीय युवा ह्रदय सम्राट, हिन्दू कूलतिलक दिलीप सिंह जूदेव के बाद भाजपा में ओपी चौधरी ही एक ऐसा नाम है जिसकी ओर हर वर्ग आकर्षित होता है। आने वाले समय में पूरे प्रदेश में ओपी चौधरी के नेतृत्व में पार्टी मजबूती से आगे बढ़ेगी। गुटबाजी और तेरा मेरा को छोड़, वरिष्ठों के आशिर्वाद से बड़ों का मार्गदर्शन लेकर युवाओं, माता बहनों को जोड़ते हुए गट में रहकर आगे की लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। दो जून को जन्म लेने वाला व्यक्ति ओपी चौधरी सबके लिए दो जून की रोटी का व्यवस्था कर रहा है और आगामी भाजपा सरकार बनी तो और अच्छे से कर सकता है। आज लगभग हर जरूरतमन्द लोगों के साथी बन चुके हैं। आज जन्मदिन, धरा अवतरण दिवस पर भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य टीकाराम पटेल की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं उज्जवल राजनीतिक भविष्य सुखद दांपत्य जीवन खुशहाल एवं दीर्घायु जीवन की अनेकानेक शुभकामनाएं।

# सहकर्मी के साथ ऑनलाईन ठगी करने वाला गिरफ्तार

दुर्ग । जिले के जामूल में रहने वाले एक व्यक्ति के खाते से 46 हजार रूपए की ऑनलाईन ठग के मामलें में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

मालमें में पीड़ित व्यक्ति के सहकर्मी ने ही उसके मोबाइल पर ही गूगल पे एकांउट बनाकर ठगी की घटना को अंजाम दिया था। जिसे एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट दुर्ग व थाना जामुल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

ऑनलाइन ठगी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की रकम को तत्काल होल्ड कराने की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) संजय ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक कोशलेन्द्र देव पटेल, उप पुलिस अधीक्षक ( अपराध ) नसर सिद्धिकी के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्रवाई के लिए लगाया गया था।

ज्ञात हो कि धनेश्वर राम साहू निवासी ग्राम सुरडुंग थाना जामुल ने अपने खाते से 46,500 रुपए गायब होने के संबंध में शिकायत आवेदन थाना जामुल में दिया था। इसकी जांच साइबर यूनिट से कराने पर रकम गूगल पे के माध्यम से अलग - अलग तीन खातों में पैसा ट्रांसफर होने की जानकारी मिली। प्राथी के ही आईडी से गूगल पे का एकांउट बनाकर रकम ट्रांसफर किया जाना पाया गया, जिसमें जीमेल आईडी विक्की निषाद का होना पता चला। ठगी की रकम से खरीदा था मोबाइल पूछताछ में प्रार्थी धनेश्वर साहू ने बताया कि वह कभी भी गूगल पे का एकांउट अपने मोबाइल में नहीं बनाया। उन्होंने बताया कि उसके साथ काम करने वाले विक्की निषाद को मोबाइल खराब होने पर बनवाने के लिए दिया था। इसके बाद टीम ने विक्की निषाद को पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से ठगी की रकम से खरीदा गया मोबाइल भी जब्त किया है। जामुल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सुखद प्रेम कहानी का दुखद अंत, प्रेमी ने प्रेमिका को छोड़ दूसरे से रचाई शादी

## सुहागरात से पहले पहुंची पुलिस प्रेमी अब सलाखों के पीछे

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




प्रेमिका ने अपने प्रेमी के खिलाफ धरमजयगढ़ थाने में मामला दर्ज कराई है। जिसमें प्रेमिका ने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने का आरोप लगाई है। निजी अस्पताल रायपुर में नर्स का कार्य करने वाली प्रेमिका ने शिकायत में कहा है कि पुटुकछार निवासी अरुण से फेसबुक में फ्रेंड बनने के बाद एक दूसरे से चेटिंग होती थी। जिसके बाद दोनों की मोबाइल से बात होती थी, वहीं एक दूसरे से मिलने लगे। तब युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस बीच दोनों रिलेशनशिप में रहते थे। लेकिन लड़का लड़की को गुमराह कर गुपचुप तरीके दूसरे लड़की से विवाह रचा लिया। जिसकी जानकारी लड़की को फेसबुक में युवक के दोस्तों द्वारा डाली गई फोटो देखने से हुई। तब पीड़ित युवती रायपुर से धरमजयगढ़ थाने पहुंची तब पुलिस ने युवक के घर जाकर देखा तो युवक दूसरे लड़की को शादी कर घर ले आया था। जिसकी पार्टी की तैयारी चल रही थी। पुलिस को देखकर आरोपी युवक के होश उड़ गए वहीं शादी के जश्न में मातम छा गया।

# सट्टा खिलाने वाले 8 सटोरिये-खाईवाल गिरफ्तार

## नगद 33 हजार रुपये से अधिक की राशि बरामद

**जगदलपुर** । कोतवाली पुलिस और बोधघाट पुलिस ने अभियान चला कर सट्टा खिलाने वाले 08 सटोरिये-खाईवाल को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने इनके पास से हजारों सट्टा पर्चियो के साथ 33 हजार रुपये से अधिक की राशि बरामद की है पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 04 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है।

सीएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि शहर के अलग अलग इलाको में सट्टा खिलाएं जाने की जानकारी मिली इसके बाद कोतवाली टीआई एमन साहू और बोधघाट टीआई लालजी सिन्हा ने अभियान चलाकर शहर के अलग-अलग इलाको से 08 खाईवालो को रंगेहाथ पकड़ा गया, उनमें थाना कोवताली अंतर्गत आरोपी 01. रविन्द्र सेठिया निवासी गीदम रोड से 3290 / -रूपये 02 . कमलजीत कश्यप निवासी नयामुण्डा से 3500 / - रूपये 03. विक्की ठाकुर निवासी गांधीनगर वार्ड से 3410 / - रुपये एवं थाना बोधघाट अंतर्गत आरोपी 04 . गौरव तिवारी निवासी राजीव गांधी वार्ड जिससे 5150 / - रूपये, 05. प्रकाश पानी निवासी नयामुण्डा से 5150 / - रूपये, 06. महेन्द्र दास निवासी नयामुण्डा से 3300 / - रूपये, 07. दिनेश राव निवासी रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड से 5450 / - रूपये एवं 08. युवराज दास निवासी संजय गांधी वार्ड से 5500 / - रूपये, कुल 08 सटोरियों से 33020 / - रूपये बरामद कर, जप्त किया गया है।

# 745 नग हीरे के साथ ओडिशा के दोनों बाप बेटे को घेरेबंदी कर धरदबोचा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



हीरे की तस्करी पर गरियाबंद पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कारवाई की है। शोभा थाना और पुलिस की स्पेशल टीम ने 745 नग हीरे के साथ ओडिशा के दोनों बाप बेटे को घेराबंदी कर दबोच लिया। जिले के एसपी जेआर ठाकुर के निर्देश के बाद मुखबीरी सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कचना ध्रूवा के कुशियार पाइंट पर सघन जांच जब शुरू किया तो स्कुटी में सवार खोकन ढली और उसका बेटा विप्लव ढली पुलिस को देख भाग रहे थे की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। दोनों आरोपी नवरंगपुर जिला के बारसुन्डी टोला के बताये जा रहे है। जिनके तलाशी लेने पर 745 नग हीरे बरामद किये गये। जिसकी किमत 50लाख रूपये आंकी जा रही है। इस पूरे कारवाई में शोभा थाना प्रभारी जय सिंह ध्रुवे, प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम यादव, सोनालाल यादव और स्पेशल टीम से अंगद राव वाघ, चुड़ामड़ी देवता, जयप्रकाश मिश्रा, यादराम ध्रुव, हरीश साहू, सुशील पाठक, रवि सिन्हा शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया पुलिस तस्करी मामले पर लगातार कारवाई आगे भी किये गये है और अब भी लगातार कारवाई चल रहा है। शोभा थाना में इन आरोपीयो के खिलाफ धारा 379,34 भारतीय दण्ड विधान और 4;21 माईनिंग एक्ट के तहत कारवाई की गयी है।

## एक नजर

# वन मण्डल धरमजयगढ़ क्षेत्र में 59 हाथी कर रहे विचरण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वन मण्डल धरमजयगढ़ क्षेत्र हाथियों का गढ़ बन गया है। विगत कई वर्षों से हाथियों ने इस क्षेत्र में स्थायी डेरा जमा लिया है। लगता है इस क्षेत्र का भौगोलिक स्थिति हाथियों के लिए अनुकूल है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार वन मंडल धरमजयगढ़ क्षेत्र में 2 जून को 59 हाथी हैं। जो अलग-अलग परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। छाल परिक्षेत्र में 31 हाथी हैं। जिसमें से 14 हाथी पुरूंगा बीट में हैं। जो झुंड में विचरण कर रहे हैं। वहीं कापू परिक्षेत्र में 15 हाथी हैं। वन परिक्षेत्र बाकारुमा में 10 हाथी एवं धरमजयगढ़ परिक्षेत्र में 5 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनकी संख्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। हाथियों का झुंड जंगल से बाहर निकल कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग अपने कर्मचारियों के माध्यम से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहा है।

# सहारा के छले गए निवेशकों का छलका दर्द, पहुंचे पुलिस अधीक्षक कार्यालय

## दिया विधायक प्रकाश नायक को ज्ञापन, फिर पहुंचे एसपी आफिस

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कभी देश की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार रही सहारा इंडिया में एक समय देश के करोड़ों लोगों ने निवेश किया था। लेकिन कंपनी के कामकाज में पारदर्शिता ना होने और वित्तीय अनियमितताओं के चलते इसमें कई लोगों की गाढ़ी कमाई का पैसा फंस गया था। मोटा रिटर्न पाने के लालच में लोगों ने सहारा की कंपनियों में हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया था। लेकिन मैच्योरिटी पर इन कंपनियों ने निवेशकों को पैसा देने के बजाय ठेंगा दिखा रही है। कुछ इसी तरह रायगढ़ जिले और शहर के हजारों निवेशकों का पैसा भी सहारा कम्पनी में फंसा हुआ है। निवेशकों की मानें तो करीब 200 करोड़ की राशि सहारा कंपनियों में फंसी हुई है। इन निवेशकों में ज्यादातर लोग मध्यवर्गीय है। सहारा में पैसे लगाकर सालों से अपने पैसे पाने के लिए भटक रहे शहर के छले गए निवेशकों ने एक बार फिर सक्रियता दिखाई है। निवेशक एकजुट होकर सबसे पहले विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक के निवास पहुंचे। उन्हें अपनी समस्या बताते हुए सहारा कम्पनी में फंसे अपने पैसों को वापस दिलाने की मांग की। निवेशकों ने विधायक को लिखित आवेदन देकर मदद की अपील की। विधायक से मिलने के बाद करीब 20 की संख्या में निवेशक लिखित आवेदन के साथ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचे। यहां उनकी मार्मिक अपील को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील एसपी अभिषेक मीना ने तुरंत रायपुर स्थित कम्पनी के प्रादेशिक कार्यालय के अधिकारियों को उन निवेशकों को तत्काल 25 करोड़ का भुगतान करने को कहा जिनके पैसे मेच्योर हो चुके है।और उनके मैच्युरिटी की राशि नहीं मिली है।

# कलेक्टर ने प्रदान किया अनुकंपा नियुक्ति आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज कलेक्ट्रेट में राहुल कुमार शर्मा पिता स्व.राजेन्द्र कुमार शर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरौद हेतु सहायक ग्रेड-3 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान किया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राहुल देव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों का बना यूडीआईडी कार्ड व चिकित्सा प्रमाण पत्र

राजनांदगांव । कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आजादी से अन्तयोदय तक विशेष अभियान कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

# संभागायुक्त डॉ.अलंग ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



बिलासपुर संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग एक दिवसीय निरीक्षण के दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के निरीक्षण में पहुंचे। कलेक्टर भीम सिंह, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा भी इस दौरान साथ रहे। इस दौरान डॉ.अलंग ने स्कूल में अध्यापनरत शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों से स्कूल में पढ़ाने के अनुभव जाने। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों में सीखने की क्षमता के अनुसार पढ़ाई करवाएं। जिससे क्लास के सभी बच्चे पढ़ाई में अच्छा परफार्म करें। इसके साथ ही बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर भी काम करें, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े तथा अच्छे गुणों का विकास हो। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उपलब्धि के साथ अच्छा व्यक्तित्व व नैतिक दायित्व बोध जीवन में सफलता के लिए एक अहम जरूरत है। इस दौरान उन्होंने बच्चों की लाईब्रेरी व लैब का भी निरीक्षण किया तथा उनकी टाईमिंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाईब्रेरी का समय क्लास पीरियड के बाद होना चाहिए। इस दौरान अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, उपायुक्त अर्चना मिश्रा, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों से कहा खूब पढ़े-खूब बढ़े

इस दौरान उन्होंने बच्चों से भी चर्चा की तथा स्कूल में पढ़ाई-लिखाई के बारे में उनके अनुभव जानें। कक्षा 8 वीं की छात्रा अर्पणा दुबे ने बताया कि उन्हें स्कूल में बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल रहा है। जिससे अलग-अलग विषयों के कांसेप्ट समझने में आसानी हो रही है। स्कूल में क्लासरूम्स, लैब व लाईब्रेरी की सुविधा भी बहुत अच्छी है। यहां शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटीज भी नियमित रूप से करायी जाती है। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने इस मौके पर बच्चों से कहा कि वे खूब मन लगाकर पढ़े और जीवन में आगे बढ़े। किसी विषय में कोई टॉपिक समझ न आए तो शिक्षकों से पूछकर उसे समझें। जिससे आपकी उच्च शिक्षा की नींव अभी से मजबूत होती जाएगी। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को किताबों के सेट भी प्रदान किए।



# बच्चे को गोदी करने की बात को लेकर पति पत्नी की पिटाई

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

बच्चे को गोदी करने की बात पर विवाद करते हुए भतीजे ने चाची की एवं पिता ने पुत्र की पिटाई कर दी। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम जबगा की है।




पीड़िता सुधनीबाई यादव पति अमरसाय उम्र 40 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 31मई 2022 के रात करीब 8 बजे सुधनी एवं उसका पति अमर साय यादव अपने घर के आंगन में बैठे थे। उसी समय उसका भतीजा रमेश यादव जिसका घर बगल में ही है। जो बाहर निकला और अपने नवजात बच्चे को गोदी करने की बात को लेकर सुधनी बाई को मां बहन की गंदी-गंदी गाली गलौच करने लगा। वहीं जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डण्डे से सुधनी के दाहिना हाथ एवं बांये पैर में मारा।

मारपीट करते समय सुधनी का पति अमर साय के द्वारा बीच बचाव करने पर उसे भी सुधनी के ससुर बलदेव यादव के द्वारा कमर में डण्डे से मारपीट किया गया। मारपीट सुनकर पहुंचे संजय झरिया, अजय यादव बीच बचाव किए हैं। मारपीट करने से सुधनी के हाथ एवं पैर में चोट लगा एवं अमरसाय के कमर के पास चोट लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 94/22 धारा भादवि 294, 34, 323, 506 बी के तहत मामला दर्ज किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in